गुरुवार, 28 मई 2026

मौसम

तापमान 26 – 34
आर्द्रता 80%
सूर्योदयः 04:52 सूर्यास्तः 18:14

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ (अधिक) शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



ईंधन की बढ़ती कीमतों, कम मांग के कारण घरेलू उड़ानों में कटौती पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : काई हताश होकर बिखर गया तो कोई संघर्ष करके निखर गया।

# लक्ष्मी भंडार योजना में 30 लाख फर्जी लाभार्थी : सीएम शुभेंदु

## पुरुषों और घुसपैठियों के खातों में जा रही थी राशि

- बंगाल सरकार ने महिलाओं को 3,000 की मासिक सहायता वाली अन्नपूर्णा योजना का जारी किया फार्म
- एक जून से शुरू होगी अन्नपूर्णा योजना, तीन जून को हस्तांतरित की जाएगी राशि
- अन्नपूर्णा भंडार में नामांकन और सत्यापन पूरा होने तक लक्ष्मी भंडार योजना जारी रहेगी



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को दावा किया कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं के लिए शुरू की गई मासिक वित्तीय सहायता वाली 'लक्ष्मी भंडार' योजना के 2.20 करोड़ लाभार्थियों में से लगभग 30 लाख लाभार्थी पात्र नहीं हैं। उन्होंने कहा कि करीब 30 लाख संदिग्ध नामों की पहचान हुई है, जिनमें कई ऐसे लोग शामिल हैं जो या तो भारतीय नागरिक नहीं हैं या फिर जिनके नाम मतदाता सूची से स्थायी रूप से हटाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय नवान्न में आयोजित प्रेस कार्फ्रेंस में महिलाओं के लिए लक्ष्मी भंडार (मासिक 1,500 रुपये) की जगह भाजपा सरकार की नई 'अन्नपूर्णा भंडार' योजना के नए आवेदन फार्म जारी किया। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। एक जून से यह योजना प्रभावी होगी। तीन जून को महिला लाभार्थियों के सीधे बैंक खातों में पहली किस्त की राशि हस्तांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नपूर्णा योजना के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से फार्म भरा जा सकेगा। राज्य सरकार की बेवसाइट पर फार्म को आज ही अपलोड कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई अन्नपूर्णा भंडार योजना में नामांकन और सत्यापन प्रक्रिया पूरा होने में समय लगेगा, इसलिए तब तक लक्ष्मी भंडार योजना जारी रहेगी और तब तक मौजूदा लाभार्थियों को सहायता राशि मिलती रहेगी। सत्यापन के बाद लक्ष्मी भंडार योजना के लाभार्थियों को नई योजना में स्थानांतरित किया जाएगा और पुरानी योजना बंद कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आवेदन प्रक्रिया एक दिन में पूरी नहीं होगी, इसलिए लोगों को जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। एक जून से 90 दिनों तक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन लिए जाएंगे। बीडीओ, निगम और पंचायत अधिकारी 30 दिनों तक घर-घर जाकर भी फार्म भरवाएंगे। जो लोग आनलाइन आवेदन नहीं कर सकते, वे ऑफलाइन फार्म जमा कर सकेंगे। चाहें तो गुरुवार से लोग ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान लक्ष्मी भंडार योजना के लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी पहली धारणा थी कि 'लक्ष्मीर भंडार' की सूची पूरी तरह सत्यापित है, लेकिन बाद में कई अनियमितताएं सामने आईं। जांच में पता चला है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग 'लक्ष्मी भंडार' योजना का लाभ ले रहे थे जिनके नाम एसआईआर प्रक्रिया में मतदाता से हट चुके हैं या जिन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत आवेदन नहीं किया है तथा एसआईआर से जुड़े ट्रिब्यूनल में अपील भी नहीं की है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने सीएए के तहत आवेदन किया है या मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए एसआईआर से जुड़े ट्रिब्यूनल में अपील की है, वे 'अन्नपूर्णा भंडार' योजना के लिए पात्र माने जाएंगे।

### महिला योजना का कुछ पुरुष भी उठा रहे लाभ

मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि लक्ष्मी भंडार योजना, जो महिलाओं के लिए थी, उसमें कुछ पुरुषों के नाम भी शामिल पाए गए हैं। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर निवासी रिजाबुल शेख के नाम का उल्लेख किया, जो इसका लाभ उठा रहे हैं। शुभेंदु ने स्पष्ट कहा कि हमारी सरकार की कोशिश है कि योग्य भारतीय महिला को ही इस योजना का लाभ मिले। एक भी घुसपैठिए को इसका लाभ न मिले। इसलिए सबका सत्यापन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई योजना के आवेदन पत्रों की जांच महिला कल्याण मंत्री अग्निमित्रा पाल की देखरेख में राज्य के मुख्य सचिव और वित्त सचिव के नेतृत्व में की जाएगी।

### लक्ष्मी भंडार के लाभार्थियों को भी भरना होगा फार्म

इस योजना के लाभ के लिए लक्ष्मी भंडार के लाभार्थियों को भी फार्म भरना होगा, तभी इसका लाभ मिलेगा। साथ ही, एक जून से नए आवेदक भी आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के लिए पंजीकरण और नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और एक जुलाई से इसका कार्ड वितरण और लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

## बंगाल सरकार ने बीएसएफ को सौंपी गई अतिरिक्त जमीन, सीएम शुभेंदु ने दी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं। राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि सरकार बीएसएफ चौकियों के निर्माण और कटीले तारों की बाड़ लगाने के काम में सक्रिय रूप से सहयोग कर रही है। सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा पुख्ता करने के लिए बीएसएफ को अतिरिक्त जमीन सौंपी गई है, जिसके तहत अब तक कुल 142.79 एकड़ जमीन का आवंटन किया जा चुका है। इस जमीन के आवंटन से भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने (फेनसिंग) के काम में तेजी आएगी, जिससे सीमा पर निगरानी और घुसपैठ रोकने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। मुर्शिदाबाद जिले में सबसे ज्यादा 38.805 एकड़ जमीन दी गई है। जलपाईगुड़ी में 35.165 एकड़ और कूचबिहार में 22.95 एकड़ जमीन सौंपी गई है। दक्षिण दिनाजपुर में 20.1701 एकड़ और मालदह में 10.90 एकड़ जमीन मिली है। दार्जिलिंग में 8.815 एकड़, उत्तर दिनाजपुर में 2.84 एकड़ और उत्तर 24 परगना में 2.6 एकड़ जमीन दी गई है। नदिया जिले में 0.55 एकड़ जमीन बीएसएफ को मिली है। सरकार तय समय में अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए तेजी से काम कर रही है।

## आज दिल्ली जाएंगे मुख्यमंत्री शुभेंदु, अमित शाह से करेंगे मुलाकात

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार दिल्ली दौरे पर जा रहे हैं। सब कुछ तय कार्यक्रम के अनुसार रहा तो वह गुरुवार की शाम दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सूत्रों के अनुसार, इस दौरे में वह विशेषकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि बंगाल में हाल में पहली बार भाजपा की सरकार गठित होने के बाद मंत्रिमंडल के संभावित विस्तार को लेकर शाह के साथ इस बैठक में अहम चर्चा होगी। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य भी गुरुवार को दिल्ली जा सकते हैं। माना जा रहा है कि इसी दौरे में शाह के साथ बैठक में बंगाल में मंत्रिमंडल विस्तार को अंतिम मंजूरी मिल सकती है।

# निर्वाचन आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार है : उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के अधिकार को बरकरार रखते हुए कहा कि यह प्रक्रिया ''स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है।'' भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, ''कोई प्रक्रिया शुरुआत में भले ही भेदभावपूर्ण प्रतीत हो, लेकिन उचित सुरक्षा उपायों के जरिए उसे संवैधानिक रूप से अनुरूप बनाया जा सकता है। हम संतुष्ट हैं कि विवादित एसआईआर प्रक्रिया अनुपातिकता की कसौटी पर खरी उतरती है।'' पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे। पीठ ने कहा, ''यह नहीं कहा जा सकता कि निर्वाचन आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया अपनाकर अपने वैधानिक अधिकारों की सीमा से बाहर जाकर काम किया। उसने कहा, ''हम इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते कि विवादित प्रक्रिया केवल प्रशासनिक सुविधा के लिए अपनाई गई थी। इसके विपरीत, हम मानते हैं कि चुनावी एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक आवश्यकता को बल देता है।'' उच्चतम न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग को संवैधानिक प्रावधानों और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का अधिकार है। उसने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव मतदाता सूचियों की शुचिता, सटीकता और विश्वसनीयता पर निर्भर करते हैं। न्यायालय ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं होते।

### चुनाव आयोग कर सकता है नागरिकता की स्थिति की सीमित जांच

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची तैयार करने और उसमें संशोधन करने के दौरान नागरिकता की स्थिति की सीमित जांच कर सकता है। न्यायालय ने हालांकि स्पष्ट किया कि इस तरह की जांच नागरिकता का अंतिम निर्णय नहीं हो सकती, जो नागरिकता अधिनियम के तहत केंद्र सरकार के अधिकारियों का अनन्य अधिकार क्षेत्र है।

### आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं

निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता को सुदृढ़ करते हुए ऐतिहासिक फैसले में, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर की कवायद संबंधी आयोग के अधिकार को बरकरार रखा और कहा कि ''आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है।''

# रेड बैलून एयरोस्पेस ने भारत का पहला स्वदेशी 'सुपर-प्रेशर बैलून' छोड़ा



**नयी दिल्ली :** 'रेड बैलून एयरोस्पेस' ने बुधवार को देश का पहला स्वदेशी 'सुपर-प्रेशर बैलून' (एसपीबी) छोड़ा, जिसमें देश-विदेश के सात साझेदारों के वाणिज्यिक उपकरण लगे हुए हैं। एसपीबी अत्यधिक ऊंचाई पर जाने वाले गुब्बारे होते हैं जिन्हें आसपास के वायुमंडलीय दबाव से अधिक आंतरिक दबाव बनाये रखने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वे लंबे समय तक भार वहन कर सकते हैं। विजयवाड़ा के इंदिरा गांधी स्टेडियम से छोड़ा गया 'विस्टा' नाम का एसपीबी लगभग 25 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचा। रेड बैलून एयरोस्पेस के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सी-वीएस किरण ने कहा, ''यह मिशन सुपर-प्रेशर बैलून की क्षमता को साबित करने के लिए है, जो भारत में पहले कभी नहीं किया गया है। इसमें गुब्बारे के डिजाइन और सामग्री को साबित करना शामिल है।'' बुधवार को छोड़े गए गुब्बारे के 24 घंटे तक आसमान में रहने की उम्मीद है, लेकिन कंपनी का मुख्य लक्ष्य ऐसे एसपीबी विकसित करना है जो महीनों तक हवा में रह सके। यह मिशन इसलिए महत्वपूर्ण है कि एसपीबी उपग्रहों की तुलना में कई फायदे प्रदान करते हैं।

# गुजरात तट से 1,150 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त, तीन विदेशी गिरफ्तार



**अहमदाबाद :** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और भारतीय तटरक्षक ने एक बड़े ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए मुंद्रा बंदरगाह के पास एक जहाज से लगभग 1,150 करोड़ रुपये मूल्य की 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की और तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) केएलएन राव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 'यूरोप' नामक मालवाहक जहाज लैटिन अमेरिका, मैक्सिको, अमेरिका और कराची (पाकिस्तान में) से होते हुए कच्छ जिले के मुंद्रा बंदरगाह के पास पहुंचा। एटीएस ने बताया कि आरोपियों में से एक के अनुसार, मादक पदार्थ की खेप को पिछले साल नवंबर में ब्राजील में जहाज पर लादा गया था और चालक दल के अन्य सदस्यों की जानकारी के बिना उसे गुपचुप तरीके से मोटर रूम में छिपा दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि जहां जहाज से जुमा नासिर उमर नाम के एक तंजानियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया, वहीं गुजरात एटीएस ने दिल्ली पुलिस की मदद से राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका इलाके से दो अन्य विदेशी नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें उस खेप को लेना था। डीजीपी ने बताया कि एक अन्य संदिग्ध की तलाश जारी है, जो तंजानिया का नागरिक है और अभियान के दौरान समुद्र में कूद गया था। अधिकारियों ने बताया कि खेप के बैग से जीपीएस उपकरण, उपग्रह संचार उपकरण और एयरटैग भी जब्त किए गए, जिससे संकेत मिलता है कि परिवहन के दौरान मादक पदार्थ की इलेक्ट्रॉनिक रूप से निगरानी की गई।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून अरब सागर, लक्षद्वीप और बंगाल की खाड़ी में और आगे बढ़ा : आईएमडी

**नयी दिल्ली :** केरल में मानसून ने भले ही अपने आगमन की अपेक्षित तारीख 26 मई को दस्तक नहीं दी, लेकिन यह दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के कुछ अन्य हिस्सों, लक्षद्वीप क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी में और आगे बढ़ गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने पहले अनुमान जताया था कि मानसून 26 मई को केरल पहुंच जाएगा। हालांकि, उसने कहा था कि राज्य में इसकी दस्तक में चार दिन की जल्दी या देरी हो सकती है। केरल में मानसून का आगमन आम तौर पर एक जून के आसपास होता है। इसी के साथ देश में मानसूनी बारिश के मौसम (जून से सितंबर तक) की शुरुआत हो जाती है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले साल मानसून ने 24 मई को केरल में दस्तक दी थी। विभाग ने एक बयान में कहा, अगले दो-तीन दिन के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण-पूर्व अरब सागर के कुछ और हिस्सों, लक्षद्वीप क्षेत्र, दक्षिण-पश्चिम, पूर्व-मध्य एवं पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी, दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के बाकी हिस्सों और उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में और आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। भारत में 70 फीसदी से अधिक सालाना बारिश मानसून के महीनों में होती है, जिसके मद्देनजर इस मौसम को कृषि, पेयजल आपूर्ति, पनबिजली परियोजनाओं में बिजली उत्पादन और भूजल पुनर्भरण के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है।

## असम विधानसभा में 'समान नागरिक संहिता विधेयक-2026' पारित, पहला सत्र संपन्न

**गुवाहाटी :** असम की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र बुधवार को संपन्न हो गया। इसी सत्र के दौरान महत्वपूर्ण 'समान नागरिक संहिता विधेयक, असम 2026' पारित किया गया। कार्यवाही के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास ने कहा कि पांच दिवसीय सत्र में कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम हुए, जिनमें नए विधायकों का शपथ ग्रहण और राज्यपाल का अभिभाषण शामिल रहा। सत्र के पहले दिन अस्थायी अध्यक्ष चंद्र मोहन पटवारी ने विधायकों को शपथ दिलाई थी। उसी दिन भारतीय जनता पार्टी के नेता रंजीत कुमार दास विधानसभा अध्यक्ष चुने गए थे। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने दूसरे दिन सदन को संबोधित किया। दास ने बताया कि सत्र के दौरान सदन में दो विधेयक पारित हुए, जिनमें राज्य में यूसीसी लागू करने वाला महत्वपूर्ण विधेयक भी शामिल है।

## पाकिस्तानी गैंगस्टर के स्लीपर सेल का भंडाफोड़, राष्ट्र-विरोधी षड़यंत्र के लिए चार गिरफ्तार

**लखनऊ :** डिजिटल मंचों के जरिए चल रही राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों पर एक तगड़ा प्रहार करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े एक 'स्लीपर सेल' को ध्वस्त किया है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश के मुताबिक मंगलवार को आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के संयुक्त अभियान में सहारनपुर से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सहारनपुर के महकाब , मुजफ्फरनगर के गगनदीप उर्फ गुरी सिंह , सहारनपुर के शाहरुख और हरिद्वार के मुशर्रफ के रूप में की गई है।






## क्रीमी लेयर को अलग करने की पहल

हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने से एक महत्वपूर्ण तार्किक चर्चा फिर से प्रारंभ हो गई है। जिसका मकसद है कि कैसे सकारात्मक पहल करके आरक्षण के उद्देश्य को अधिक न्यायसंगत, लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। वास्तव में उनकी पहल का मकसद संवैधानिक सुरक्षा को कमजोर करने का नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यानी कि अनुसूचित जाति समुदाय के सबसे गरीब, सामाजिक रूप से सबसे अधिक वंचित और आरक्षण के लाभ में सबसे कम प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाने का मकसद पूरा करना। बहुत संभव है कि मुख्य न्यायाधीश के इस विचार से असहमति के तर्क दिये जाएं। वास्तव में, देश में दशकों से आरक्षण की बहस कोटा बढ़ाने पर केंद्रित रही है, लेकिन उनके न्यायसंगत वितरण की दिशा में पर्याप्त पहल नहीं हो पायी है। निर्विवाद रूप से अनुसूचित जाति समुदाय के एक छोटे, अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति वाले वर्ग ने ही बार-बार शिक्षा और सरकारी रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। वहीं दूसरी ओर पीढ़ी दर पीढ़ी अभावों के भंवर-जाल में फंसे परिवार- मसलन श्रमिक, सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर परिवार लगातार हाशिये पर ही बने हुए हैं। यदि आरक्षण का मूल उद्देश्य संरचनात्मक असंतुलन को ही ठीक करना है तो इसके लाभ सीमित दायरे के लोगों को ही नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ओबीसी वर्ग के लिये यह प्रावधान सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इसमें दो राय नहीं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत आरक्षण लाभ में इस तरह के एकाधिकार को रोकने का एक सशक्त साधन है। इस प्रावधान का वंचित अनुसूचित जातियों तक विस्तार करना एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करता है कि सामाजिक गतिशीलता, हालांकि सीमित स्तर पर कुछ ही लोगों के लिये संभव हुई है। साथ ही अवसरों के अधिक न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करने के लिये नीति को अनुकूलित किया जाना वक्त की जरूरत है।

वास्तव में वर्तमान स्थिति आरक्षण के न्यायसंगत लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने में तार्किक नजर नहीं आती। जब किसी आईएएस अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी का बच्चा सामाजिक रूप से हाशिये पर गए वर्ग के किसी व्यक्ति के मुकाबले समान लाभों का दावा करना जारी रखता है तो इससे लक्षित उद्देश्य कमजोर हो जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रीमी लेयर को बाहर करने पर उनके जातिगत भेदभाव होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह केवल यही दर्शाता है कि किसी भी ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समूह के भीतर, वंचितता की स्थिति अलग-अलग होती है। ऐसी अवस्था में, सबसे निचले स्तर के लोग राज्य के संरक्षण पाने के लिये प्राथमिकता के हकदार हैं। निश्चित रूप से स्पष्ट मानदंड, सामाजिक पिछड़ेपन का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने और दुरुपयोग को रोकने के लिये कारगर सुरक्षा उपाय होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणी इस बात की ही परिचायक है कि सामाजिक न्याय का विस्तार होना चाहिए। अनुसूचित जातियों के आरक्षण से क्रीमी लेयर को सोच-समझकर बाहर करने से समानता के संवैधानिक वायदे की पुष्टि हो सकती है। इस पहल के विरोध में यह तर्क दिया जा सकता है यदि अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण के उपवर्गीकरण को मान्यता दी जाती है, तो पहले इससे लाभान्वित लोगों को सुरक्षा कवच न मिल सकेगा। उनका तर्क हो सकता है कि कई बार आरक्षित वर्ग के किसी व्यक्ति को उच्च पद पर पहुंच जाने के बावजूद किसी भेदभाव व उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है। निस्संदेह, इस कथन की तार्किकता विचारणीय है। लेकिन इसका एक निष्कर्ष यह भी हो सकता है कि सामाजिक विसंगति और आर्थिक विषमता दूर करने का एकमात्र साधन आरक्षण ही नहीं हो सकता है। यहां यह भी विचारणीय होना चाहिए कि कई पीढ़ियों से आरक्षण लाभ पा चुके लोग, स्वेच्छा से उसका परित्याग करें तो इस दिशा में धनात्मक वातावरण बन सकता है। निश्चित रूप से ऐसे कदमों से मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की सकारात्मक पहल को संबल मिल सकेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 मई, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ (अधिक) शुक्लपक्ष द्वादशी, 07:57 तक, नक्षत्र : चित्रा, 08:03 तक, योग : वरीघा, 27:48 तक, सूर्योदयः 04:52, सूर्यास्तः 18:14, चन्द्रोदय : 16:24, चन्द्रास्तः 03:06, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 13:50 से 15:29

## राशिफल

**मेष :** आज आपका आत्मविश्वास और काम करने की क्षमता दोनों चरम पर रहेंगे। हर फैसला आप सोच-समझकर लेंगे, लेकिन किसी के दबाव में आकर लिया गया कदम बाद में परेशानी दे सकता है।

**वृष :** आज का दिन धीरे-धीरे लेकिन पक्की सफलता देने वाला रहेगा। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें अच्छा परिणाम मिलने के योग हैं। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए नए विचार मन में आएंगे।

**मिथुन :** आज किस्मत अचानक आपका साथ देती नजर आएगी। लंबे समय से अटका या डूबा हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। भाई-बहनों के साथ रिश्तों में गर्मजोशी बनी रहेगी।

**कर्क :** आज प्रॉपर्टी और निवेश से जुड़े मामलों में किस्मत आपका साथ दे सकती है। नई संपत्ति खरीदने का विचार सफल हो सकता है। विरोधी पर्दे के पीछे चालें चल सकते हैं।

**सिंह :** आज हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत है। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपको सही दिशा दिखाएगी। आपकी निर्णय क्षमता मजबूत रहेगी और लोग आपसे उम्मीदें लगाएंगे।

**कन्या :** आज का दिन थोड़ा तनाव भरा रह सकता है। माता जी की सेहत को लेकर चिंता बढ़ सकती है। बिजनेस में किसी नुकसान या रुकावट के कारण भागदौड़ ज्यादा रहेगी।

**तुला :** आज आपका मन मौज-मस्ती और खुशियों में डूबा रहेगा। संतान की तरक्की देखकर गर्व महसूस होगा। लंबे समय से अटका कोई काम आज पूरा हो सकता है, जिससे राहत मिलेगी।

**वृश्चिक :** आज रिश्तों में अपनापन और मजबूती बढ़ेगी। भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा और किसी पुराने मुद्दे का समाधान मिल-बैठकर निकल सकता है। तरक्की के रास्ते खुलते नजर आएंगे।

**धनु :** आज आपका मान-सम्मान और लोकप्रियता दोनों बढ़ने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में अच्छे काम के लिए आपको सराहना या पुरस्कार मिल सकता है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा।

**मकर :** आज सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। काम के पीछे भागते-भागते आप खुद की देखभाल भूल सकते हैं, इसलिए थोड़ा संतुलन जरूरी है।

**कुम्भ :** आज धन को लेकर समझदारी दिखाने की जरूरत है। कोई व्यक्ति आपको गलत निवेश या जोखिम भरी योजना में फंसाने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सोच-समझकर ही पैसा लगाएं।

**मीन :** आज आपकी समझदारी और शांत स्वभाव हर काम को आसान बना देंगे। घर में किसी नए मेहमान के आगमन से खुशी और रौनक बढ़ सकती है। कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

# मतदाता सूची की शुद्धता और मतदाता अधिकारों के बीच संतुलन

## बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय



विकाश धनानिया

लोकतंत्र में मतदान का अधिकार केवल मतदान केंद्र तक जाकर बटन दबाने तक सीमित नहीं है। उससे पहले एक बुनियादी प्रश्न आता है, किसका नाम मतदाता सूची में होना चाहिए और किसका नहीं। मतदाता सूची ही वह कानूनी दस्तावेज है, जिसके आधार पर नागरिक चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। इसलिए मतदाता सूची की शुद्धता भी जरूरी है और वास्तविक मतदाता का नाम सूची से गलत तरीके से न हटे, यह भी उतना ही जरूरी है।

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, जिसे संक्षेप में एसआईआर कहा गया, सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय इसी संतुलन को समझाता है। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया पर राय नहीं है, बल्कि यह बताता है कि चुनाव की निष्पक्षता और मतदाता के अधिकार के बीच कानून किस प्रकार संतुलन बनाता है।

भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर शुरू करने का निर्णय लिया था। आयोग का कहना था कि बिहार में पिछला गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। उसके बाद लंबे समय तक मतदाता सूची मुख्य रूप से संक्षिप्त पुनरीक्षणों के आधार पर आगे बढ़ती रही। इस दौरान शहरीकरण, लोगों का स्थानांतरण, रोजगार या शिक्षा के कारण प्रवास, मृत्यु के बाद नाम न हटना और एक ही व्यक्ति का एक से अधिक जगह नाम होना जैसी स्थितियां पैदा हो सकती हैं। आयोग के अनुसार इन्हीं कारणों से मतदाता सूची की गहन जांच आवश्यक थी।

इस प्रक्रिया को चुनौती देने वालों की चिंता अलग थी। उनका कहना था कि इतने बड़े स्तर की जांच से वास्तविक मतदाता भी सूची से बाहर हो सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति का नाम पहले से मतदाता सूची में है, तो उसे फिर से अपनी पात्रता साबित करने के लिए बाध्य करना उचित नहीं होगा। यह भी कहा गया कि किसी का नाम हटाने से पहले नोटिस, सुनवाई और विधिसम्मत प्रक्रिया अनिवार्य है।

सर्वोच्च न्यायालय ने सबसे पहले यह देखा कि क्या निर्वाचन आयोग को ऐसा विशेष गहन पुनरीक्षण करने की शक्ति है। न्यायालय ने माना कि संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव प्रक्रिया पर निगरानी रखने की व्यापक संवैधानिक शक्ति देता है। साथ ही जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) आयोग को विशेष पुनरीक्षण करने की शक्ति देती है। इसलिए बिहार में किया गया एसआईआर कानून से बाहर की कार्रवाई नहीं माना गया।

लेकिन न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग कानून से ऊपर नहीं है। अनुच्छेद 324 का अर्थ यह नहीं है कि आयोग अधिनियम और नियमों को नजरअंदाज कर सकता है। आयोग को अपनी शक्ति का प्रयोग कानून की सीमा के भीतर ही करना होगा। इस प्रकार निर्णय ने आयोग की शक्ति को स्वीकार किया, पर उसे जवाबदेही और प्रक्रिया से भी बांधा।

न्यायालय ने एसआईआर के उद्देश्य को वैध माना। मतदाता सूची की शुद्धता, पूर्णता और विश्वसनीयता चुनाव की निष्पक्षता के लिए आवश्यक है। घर-घर जाकर जानकारी लेना, गणना प्रपत्र भरवाना और दस्तावेजों के आधार पर पात्रता की जांच करना, न्यायालय के अनुसार मतदाता सूची को सही रखने के उद्देश्य से जुड़ा हुआ कदम है। न्यायालय ने यह भी माना कि यह प्रक्रिया अपने उद्देश्य की तुलना में असंगत या अत्यधिक नहीं थी, क्योंकि इसमें दावे, आपत्तियां, जांच, सुनवाई और अपील जैसी सुरक्षा व्यवस्थाएं रखी गईं थीं।

निर्णय का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पहले से मतदाता सूची में दर्ज नामों से जुड़ा है। न्यायालय ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में है, तो उसके पक्ष में वैधता की प्रारंभिक धारणा रहती है। सामान्य रूप से यह माना जाएगा कि नाम सही प्रक्रिया से जोड़ा गया था। लेकिन यह धारणा अंतिम नहीं है। विशेष गहन पुनरीक्षण में आयोग पात्रता की जांच कर सकता है। इसका अर्थ यह है कि नाम सूची में होने से जांच से पूर्ण छूट नहीं मिलती, लेकिन नाम हटाने के लिए हल्की या मनमानी प्रक्रिया भी स्वीकार नहीं की जा सकती।

नियम 21ए के संदर्भ में न्यायालय ने कहा कि नाम हटाने की प्रक्रिया में निष्पक्षता जरूरी है। प्रारूप मतदाता सूची में नाम न आना अपने आप अंतिम रूप से नाम हट जाना नहीं है। अंतिम निर्णय से पहले संबंधित व्यक्ति को दावा करने, आपत्ति देने, दस्तावेज प्रस्तुत करने और सुनवाई का अवसर मिलना चाहिए। यदि किसी की पात्रता पर संदेह है, तो जांच होनी चाहिए, नोटिस दिया जाना चाहिए और कारणयुक्त आदेश होना चाहिए। इसके बाद अपील का रास्ता भी उपलब्ध रहना चाहिए।

दस्तावेजों के प्रश्न पर भी न्यायालय ने संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। आधार को नागरिकता का प्रमाण नहीं माना गया, क्योंकि आधार कानून के तहत वह नागरिकता या निवास का निर्णायक प्रमाण नहीं है। फिर भी आधार को पहचान के प्रमाण के रूप में बारहवें दस्तावेज के तौर पर विचार में लेने का निर्देश दिया गया। यानी आधार पहचान में सहायक हो सकता है, पर नागरिकता सिद्ध करने का अंतिम आधार नहीं है।

इसी तरह मतदाता फोटो पहचान पत्र को भी स्वतंत्र प्रमाण के रूप में पूरी तरह पर्याप्त नहीं माना गया, क्योंकि वह स्वयं मतदाता सूची में नाम के आधार पर जारी होता है। राशन कार्ड को भी नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं माना गया। न्यायालय ने माना कि दस्तावेजों की व्यवस्था बनाना आयोग के प्रशासनिक विवेक का हिस्सा है, पर यह विवेक कानून और उद्देश्य से जुड़ा होना चाहिए।

नागरिकता के प्रश्न पर निर्णय की सीमा बहुत महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग यह सीमित जांच कर सकता है कि कोई व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने की कानूनी शर्तें पूरी करता है या नहीं। लेकिन आयोग किसी व्यक्ति को अंतिम रूप से नागरिक या गैर-नागरिक घोषित नहीं कर सकता। यदि आयोग को नागरिकता को लेकर संदेह हो, तो मामला नागरिकता अधिनियम के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी को भेजा जाएगा। आयोग का निर्णय केवल चुनावी उद्देश्य तक सीमित रहेगा।

न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि जिन व्यक्तियों के नाम वर्ष 2003 की सूची के संदर्भ में नागरिकता संबंधी संदेह के आधार पर हटाए गए हैं, उनके मामलों को चार सप्ताह के भीतर सक्षम प्राधिकारी को भेजा जाए। सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार नोटिस और सुनवाई देकर निर्णय करेगा। यदि वह व्यक्ति को नागरिक मानता है, तो उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा।

इस निर्णय का सार यह है कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को शुद्ध करने का कार्य कर सकता है, लेकिन इस प्रक्रिया में वास्तविक मतदाता का अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। गलत या अयोग्य नाम हटना चाहिए, पर योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए। चुनाव की शुचिता और नागरिक के मतदान अधिकार- दोनों लोकतंत्र के लिए आवश्यक हैं।

मेरी समझ में यह निर्णय न तो निर्वाचन आयोग को खुली छूट देता है और न ही मतदाता सूची में दर्ज नाम को जांच से पूरी तरह परे रखता है। यह निर्णय कहता है कि मतदाता सूची की सफाई जरूरी है, लेकिन वह सफाई कानून, पारदर्शिता, सुनवाई और न्यायसंगत प्रक्रिया के साथ ही होनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती इसी बात में है कि सही मतदाता सूची में रहे, गलत प्रविष्टि हटे और पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष दिखाई भी दे।

# यूपी/बिहार

## बिहार मंत्रिमंडल ने 27 प्रस्तावों को दी मंजूरी, शहरी क्षेत्रों में भी होगा भू-सर्वेक्षण

**पटना:** बिहार मंत्रिमंडल ने शहरी क्षेत्रों में भी विशेष भू-सर्वेक्षण कराने, लोकहित परियोजनाओं के लिए रैयती भूमि खरीद नीति लागू करने, विधायकों एवं सरकारी कर्मियों को बेनकदी इलाज की सुविधा देने तथा छोटे एवं मध्यम स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठानों के लिए नई विनियमावली लागू करने समेत कुल 27 प्रस्तावों को बुधवार को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि सरकार ने ''बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2026'' को स्वीकृति दी है, जिसके तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी विशेष भू-सर्वेक्षण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में रैयती और अन्य प्रकार की भूमि का नया खतियान और भू-नक्शा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब शहरी क्षेत्रों में भी सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया जाएगा। चौधरी ने कहा कि सर्वेक्षण कार्य में शत-प्रतिशत शुद्धता, पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमों में संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत कुछ पुराने प्रावधानों में बदलाव, कुछ नए प्रावधानों



को शामिल करने तथा अप्रासंगिक नियमों को हटाने का निर्णय लिया गया है तथा भू-सर्वेक्षण से जुड़े नए शब्दों की स्पष्ट परिभाषा भी तय की जाएगी ताकि भ्रम की स्थिति नहीं बने। चौधरी ने कहा कि सरकार का मानना है कि इन बदलावों से नगर निकाय क्षेत्रों सहित पूरे राज्य में भू-सर्वेक्षण का कार्य अधिक आसान और तेज होगा तथा भूमि अभिलेखों को आधुनिक और अधिक विश्वसनीय बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने लोकहित की परियोजनाओं के लिए आपसी सहमति के आधार पर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से ''बिहार रैयती भूमि क्रय नीति, 2026'' को भी मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत शहरी क्षेत्रों में भूमि का मूल्य बाजार मूल्य अथवा सर्किल दर (एमवीआर), जो भी अधिक होगा, उसके दोगुने के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह मूल्य बाजार मूल्य अथवा सर्किल दर, जो भी अधिक होगी, उसके चार गुने के बराबर होगा। चौधरी ने कहा कि इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी तथा खरीदी जाने वाली भूमि को स्टांप एवं पंजीयन शुल्क से भी मुक्त रखा जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इस बीच, बिहार सरकार ने विधानमंडल के वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों, अखिल भारतीय सेवाओं के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों, राज्य सरकार के नियमित कर्मियों, पेंशनधारियों तथा उनके आश्रितों के लिए बेनकदी इलाज की सुविधा लागू करने का भी निर्णय लिया है। सरकार के अनुसार, स्वास्थ्य योजना के तहत अब अंतर्वासी चिकित्सा (इनडोर उपचार) के लिए लाभार्थियों को अस्पताल में भर्ती होने पर इलाज का तत्काल भुगतान नहीं करना होगा।

## उत्तर प्रदेश में बकरीद पर ड्रोन से निगरानी, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**लखनऊ:** बृहस्पतिवार को बकरीद से पहले पूरे उत्तर प्रदेश में ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी, गश्त, यातायात व्यवस्था और अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती समेत सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इससे पूर्व कहा था कि सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यदि जरूरत पड़े तो पालियों में नमाज पढ़ी जाए। यहां 1,347 पुलिस और यातायात पुलिसकर्मियों के अलावा पीएसी की छह कंपनियां, 'वायरलेस यूनिट' और 'एलआईयू' की टीमें तैनात की गई हैं जिससे कानून व्यवस्था बनाई रखी जा सके। लखनऊ पुलिस के मुताबिक, ईदगाह ऐशबाग और आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षा प्रबंधन के लिए चार जोन में और पांच सेक्टरों में बांटा गया है। टीले वाली मस्जिद, ईदगाह ऐशबाग और बड़ा इमामबाड़ा में असिफी मस्जिद समेत पांच प्रमुख नमाज स्थलों के आसपास विशेष यातायात की योजनाएं तैयार की गई हैं। पुलिस ने कहा कि भीड़ प्रबंधन और नियमित सुरक्षा के लिए संयुक्त ब्रीफिंग एवं 'मॉक ड्रिल' कराई गई है, जबकि प्रमुख मार्गों, चौराहों और धार्मिक स्थलों की चौबीस घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। सादे कपड़ों में महिला पुलिस कर्मियों, एंटी-रोमियो दस्तों और पिंक पेट्रोल टीमों को भी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तैनात किया गया है जिससे छेड़छाड़ की घटनाओं को रोका जा सके और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी में भाजपा प्रशिक्षण अभियान में लिया हिस्सा

**अमेठी (उप्र):** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचीं तथा उन्होंने मुसाफिरखाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मीडिया के प्रवेश पर रोक रही। भाजपा नेताओं के अनुसार, प्रशिक्षण अभियान में संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत बनाने, केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि स्मृति ईरानी ने जिला भाजपा कार्यालय गौरीगंज में जिला कमेटी, सभी मंडल अध्यक्षों,



संबंधित संगठनों के अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधानसभा और पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले पूर्व सांसद स्मृति ईरानी गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के जूठीपुर गांव पहुंचीं। वहां उन्होंने भाजपा के दिवंगत बूथ अध्यक्ष पवन पासी के परिजनों से मुलाकात की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## अखिलेश के खिलाफ पोस्टर मैंने लगवाए: भाजपा जिला अध्यक्ष

**कन्नौज (उप्र):** कन्नौज में मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव के खिलाफ लगाये गये पोस्टर मामले में आज उस समय नया मोड़ आ गया जब भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने फेसबुक पर एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, मैं डंके की चोट पर कहता हूं कि मैंने पोस्टर लगवाये, अगर मुकदमा करना है तो मुझ पर करो। भदौरिया ने सपा को खुली चुनौती दी, ''अगर तुम्हारे नेताओं, पार्टी के कारनामों को उजागर करना अपराध है तो जाओ और मुझ पर मुकदमा लिखवाओ।'' भदौरिया ने कहा कि पोस्टर फटने से इतिहास के काले पन्ने नहीं फटेंगे, सच का सामना करने का माद्दा रखिये। उन्होंने कहा, 'हमने तो खु-लेआम सडकों पर उतरकर डंके की चोट पर सपा के महिला विरोधी चेहरे




को बेनकाब किया है।'' मंगलवार सुबह सड़कों पर लगी होर्डिंग देख सपाई भड़क गए थे और जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया था। हालांकि भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया द्वारा दी गई चुनौती के बाद आज सपा का खेमा बिल्कुल शांत बना रहा। लेकिन, समाजवादी पार्टी ने 'एक्स' पर पोस्टर वार को लेकर भाजपा पर तंज कसा। पोस्ट में लिखा गया कि जिनके खुदके घर कांच के हों, वह दूसरों के घर पत्थर नहीं फेंका करते।

## अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर सुखा देगी : अखिलेश यादव

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अगले चुनाव में जनता उसे अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। सपा प्रमुख ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। इसी पोस्ट में उन्होंने राज्य में बिजली संकट को लेकर मुख्यमंत्री को असफल बताते हुए उन पर तंज कसा। अखिलेश ने लिखा, शुक्र है कि उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने यह नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साज़िश है। उन्होंने आगे सवाल उठाया, यह स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधे पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए। जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी, क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एक साथ देखा नहीं।

## वर्ग पहेली नं. 3452

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | 24 | | ■ | |
| 25 | | ■ | | ■ | ■ | 26 | | 27 | |
| | ■ | 28 | | | | | ■ | | ■ |

*बायें से दायें :-* 1) प्रशंसा, 4) रुकावट, 7) चौथे सिक्ख गुरु, 9) नेता (*अंग्रेजी*), 10) आवश्यक और उचित, 11) अपनापन, 13) विधि, 14) भौंरा, 16) फूल के बीच का रेशा, 18) लंबा-चौड़ा; ज्येष्ठ, 19) एक नृत्यप्रकार, 20) व्यभिचारिणी, 22) आकाशगंगा, 23) कपड़े का बना छोटा घर, 25) एक प्रत्यय जो शब्दों के अंत में जुड़कर *बनाने* या *करने* वाला का अर्थ देता है, 26) पुरुषोचित, 28) निराकार.

*ऊपर से नीचे :-* 1) साँप का छोटा बच्चा, 2) कुकर्मी, 3) इज़्ज़त; व्यक्ति का संबोधन, 4) भारत का एक घटक राज्य, 5) अश्लील बातें, 6) एक दूसरे के साथ, 8) पल्ला, 12) ताँबे के रंग का सा स्वच्छ आकाश, 15) सर्वोत्तम; पराकाष्ठा, 17) सिखों की पदवी; मुखिया, 18) एक पालतू पशु, 19) आँख की पुतली, 20) झोंपड़ी, 21) टरकाना, 22) एक ग्रह, 24) कै; उलटी, 27) ठोढ़ी.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ■ | पा | व | ■ | क़ | री | ब | ■ | ब |
| म | ■ | त | ह | म | द | ■ | म | सू | र |
| क | ड़ | की | ■ | ह | म | ला | ■ | खा | ता |
| ह | ■ | ■ | क | ल्ला | ■ | ज | था | ■ | व |
| रा | म | दा | स | ■ | सि | बा | ■ | चै | ■ |
| म | स | ■ | र | स्म | ■ | ब | च | का | ना |
| ■ | ला | ग | त | ■ | क़ | ■ | तु | ■ | म |
| गु | ■ | वा | ■ | च | बू | त | रा | ■ | ज़ |
| म | ज़ | ह | ब | ■ | ल | ■ | ई | जा | द |

*Mob. No.* 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3410

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 9 | 8 | | |
| 1 | | | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | 5 | | 4 |
| 7 | 6 | 9 | | | 3 | | | |
| | 5 | | | 9 | | | | 1 |
| | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | 7 | | | | | | | |
| | | 5 | | 3 | | | 6 | 9 |
| 9 | | | | | | 1 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3409 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 9 | 3 |
| 4 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 7 |

# विधानसभा अध्यक्ष नहीं मिले तो धरने पर बैठे दो तृणमूल विधायक, लगाया अनदेखी का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने आरोप लगाया कि विधानसभा सचिवालय ने अब तक शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विपक्ष के नेता का आधिकारिक दर्जा नहीं दिया है। इस मुद्दे पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे कुणाल घोष और शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने स्पीकर से मुलाकात नहीं होने पर उनके कक्ष के बाहर धरने पर बैठ गए। तृणमूल नेताओं का कहना है कि 18वीं विधानसभा के गठन और पहले सत्र के संपन्न होने के बावजूद विपक्ष के नेता को न तो औपचारिक मान्यता मिली है और न ही उनके



लिए निर्धारित कक्ष आवंटित किया गया है। बुधवार की शाम बालीगंज विधायक शोभनदेव चट्टोपाध्याय और बेलेघाटा विधायक कुणाल घोष विधानसभा भवन में स्पीकर रथीनाथ बसु से मुलाकात करने पहुंचे थे। हालांकि, उनका दावा है कि स्पीकर ने मिलने का समय नहीं दिया। इसके बाद, दोनों नेता स्पीकर कक्ष के बाहर बैठ गए और विधानसभा सचिवालय के रवैये पर नाराजगी जताई। कुणाल घोष ने विधानसभा के एक अधिकारी से नाराजगी जताते हुए कहा कि शोभनदेव चट्टोपाध्याय विपक्ष के नेता हैं। 36 वर्षों से विधायक हैं। फिर भी उन्हें कमरा नहीं दिया जा रहा। उनके पत्र की प्राप्ति रसीद तक नहीं दी जा रही है। सचिवालय की ओर से सहयोग नहीं मिल रहा। संसदीय दल की बैठक तक नहीं हो पा रही है। तृणमूल नेत-ाओं ने सवाल उठाया कि जब स्पीकर और मुख्यमंत्री के कक्ष तैयार हो चुके हैं, तब विपक्ष के नेता के लिए कमरा अब तक क्यों तैयार नहीं किया गया। कुणाल घोष ने इसे संसदीय शिष्टाचार का मामला बताते हुए स्पीकर से मुलाकात नहीं होने पर भी नाराजगी जताई। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि 13 मई को पार्टी की ओर से स्पीकर को पत्र भेजकर 80 विधायकों के समर्थन के साथ शोभनदेव चट्टोपाध्याय को संसदीय दल का नेता घोषित किए जाने की जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद उन्हें अब तक विपक्ष के नेता का दर्जा नहीं मिला है।

## गुरुवार मायापुर जाएंगे मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी

### गोमाता की पूजा करेंगे, साधु-संतों के साथ बैठक की भी संभावना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी गुरुवार को मायापुर दौरे पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला मायापुर दौरा होगा। सूत्रों के अनुसार, वह सुबह लगभग 11 बजे हेलिकॉप्टर से मायापुर के हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इस दौरे को पूरी तरह निजी और धार्मिक यात्रा बताया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, मायापुर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले गोशाला जाएंगे, जहां वह गोमाता की पूजा करेंगे। इसके बाद एक यज्ञ अनुष्ठान में भी उनके शामिल होने की संभावना है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी की ओर से अब तक इस कार्यक्रम को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



मायापुर स्थित वैष्णव धार्मिक संस्था के जनसंपर्क अधिकारी रसिक गौरांग दास ने बताया कि मुख्यमंत्री का यह दौरा पूरी तरह धार्मिक भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि नव-निर्मित चंद्रोदय मंदिर अथवा अन्य विग्रहों के दर्शन को लेकर अभी अंतिम कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। प्रसाद ग्रहण को लेकर भी अब तक कोई औपचारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

सूत्रों के अनुसार, इस दौरान मुख्यमंत्री कुछ साधु-संतों और धार्मिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी कर सकते हैं। हालांकि बैठक का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए मायापुर और आसपास के इलाकों में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं।

मायापुर देश और विदेश के श्रद्धालुओं के बीच एक प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। हर वर्ष बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री का यह दौरा धार्मिक और राजनीतिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## कोलकाता में होगा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम : आयुष मंत्री जाधव

**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का मुख्य कार्यक्रम 21 जून को कोलकाता में आयोजित किये जाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष का विषय 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' होगा, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और स्वस्थ वृद्धावस्था को बढ़ावा देने में योग की भूमिका को रेखांकित करेगा। मध्यप्रदेश के खजुराहो स्थित पश्चिमी मंदिर समूह में आयोजित योग महोत्सव 2026 के दौरान यह घोषणा की गयी।

## लेकटाउन धाम में सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ जारी, 25 हजार पारायण परिसम्पन्न

**कोलकाता :** लेकटाउन स्थित श्री बाल हनुमान मंदिर में अधिक मास के पावन अवसर पर आयोजित दशम श्रीश्री सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ पारायण महायज्ञ निरंतर जारी है और इस क्रम में 27 मई पूर्वाह्न बेला में 25,000 हनुमान चालीसा पाठ का पड़ाव हर्षोल्लास के साथ पार हो गया है।

मंदिर के प्रधान सेवायत आचार्य बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन विगत 30 वर्षों से प्रत्येक पुरुषोत्तम मास में आयोजित होता है और इस बार यह दसवीं बार 23 मई से 13 जून 2026 तक अनुष्ठित हो रहा है।

आयोजन समिति के चेयरमैन हरिकिशन राठी ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर में प्रतिदिन



31 विद्वान पंडितों द्वारा प्रातः 8 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक तथा सायं 4 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक सामूहिक संगीतमय श्री हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं की निरंतर उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। आयोजन समिति के सभी सदस्य व्यवस्था कार्य में सक्रिय हैं।

### नंदीग्राम उपचुनाव में तृणमूल को नहीं मिल रहा प्रत्याशी!

## पवित्र कर और शेख सुफियान ने लड़ने से किया इनकार

**पूर्व मेदिनीपुर/कोलकाता :** विधानसभा उपचुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। फलता उपचुनाव में खराब प्रदर्शन और जमानत जब्त होने के बाद अब नंदीग्राम में पार्टी के कई नेता चुनाव लड़ने से पीछे हट रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, विधानसभा चुनाव में हार के बाद पवित्र कर ने नंदीग्राम से फिर चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया है। इसके बाद, पार्टी नेतृत्व ने नंदीग्राम के पुराने तृणमूल नेता शेख सुफियान से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने भी उपचुनाव लड़ने का प्रस्ताव ठुकरा दिया। ऐसे में तृणमूल के सामने योग्य प्रत्याशी तलाशना बड़ी चुनौती बन गया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर सीट बरकरार रखते हुए नंदीग्राम विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। संवैधानिक नियमों के तहत उनके इस्तीफे के बाद अब वहां उपचुनाव होना तय है। बताया जा रहा है कि तृणमूल के राज्यस्तरीय नेता शेख सुफियान के नंदीग्राम स्थित घर पहुंचे थे और उन्हें प्रत्याशी बनने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, सुफियान ने न सिर्फ प्रस्ताव ठुकरा दिया, बल्कि पार्टी नेतृत्व के प्रति नाराजगी भी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी परिवार के खिलाफ लगातार बोलने के लिए उन्हें उकसाया गया, लेकिन बाद में पार्टी नेतृत्व ने कोई संपर्क नहीं रखा। एक समय शुभेंदु अधिकारी के मुखर विरोधी रहे सुफियान ने अब उनके संगठनात्मक कौशल और प्रशासनिक क्षमता की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी सफल साबित हो सकते हैं और नंदीग्राम के विकास के लिए भी काफी काम करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अब प्रत्यक्ष राजनीति से दूरी बनाए रखना चाहते हैं।

## हावड़ा के आयुष शर्मा बने इंडियन कोस्ट गार्ड में असिस्टेंट कमांडेंट



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के हिंदमोटर निवासी आयुष शर्मा ने अपनी मेहनत, समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारतीय तटरक्षक बल में असिस्टेंट कमांडेंट पद के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आयुष कल भारतीय नौसेना अकादमी से पासआउट होने जा रहे हैं। आयुष शर्मा पहले देश की प्रतिष्ठित बिग 4 कंपनियों में से एक में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। कॉर्पोरेट क्षेत्र में सफल करियर होने के बावजूद उनके भीतर देशसेवा का जज्बा हमेशा कायम रहा। इसी लक्ष्य को लेकर उन्होंने कठिन परिश्रम और लगातार तैयारी के माध्यम से इंडियन कोस्ट गार्ड की चुनौतीपूर्ण चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार किया। साधारण परिवार से आने वाले आयुष बचपन से ही अनुशासित, मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से हिंदमोटर समेत पूरे हावड़ा क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आयुष की सफलता आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है और यह साबित करती है कि स्पष्ट लक्ष्य, आत्मविश्वास और सच्ची मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। परिजनों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने आयुष शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एआई और गेमिफिकेशन के साथ जेन जी खरीदारों को लुभाएगा शॉप्सी

**कोलकाता, समाज्ञा :** फ्लिपकार्ट के हाइपरवैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी ने नया एआई-आधारित ऐप लॉन्च किया है, जिसे खासतौर पर जेन ज़ी और भारत के अगले 10 करोड़ ऑनलाइन खरीदारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नया प्लेटफॉर्म वीडियो-फर्स्ट, सोशल-फर्स्ट और गेमिफिकेशन आधारित शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगा। कंपनी के अनुसार, ऐप में एआई-संचालित सर्च, पर्सनलाइजेशन, वीडियो-आधारित प्रोडक्ट डिस्कवरी और गेम्स के जरिए ग्राहकों को आकर्षित किया जाएगा। यूजर्स ऐप इस्तेमाल करने, गेम खेलने और लगातार एक्टिव रहने पर सुपरकॉइन्स कमा सकेंगे, जिनका उपयोग खरीदारी में किया जा सकेगा। फ्लिपकार्ट के चीफ टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट ऑफिसर बालाजी थियागराजन ने कहा कि जेन ज़ी अब भारत के ई-रिटेल बाजार का बड़ा हिस्सा बन चुकी है और उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए यह ऐप विकसित किया गया है।

## पश्चिम बंगाल जाट समाज की नयी कमेटी का गठन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल जाट समाज के बांगड़ बिल्डिंग कार्यालय में वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें चुनाव कर नयी कमेटी का गठन किया गया। बैठक में जाट समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। मोहन बाना की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से रामस्वरूप चौधरी को अध्यक्ष और जयवीर कस्वा को सचिव चुना गया। इसके अलावा कमेटी पदाधिकारी में जगवीर सागवान, नवीन पूनिया, राजेश पूनिया, प्रकाश ग्वाला, जयमल जी, हनुमान प्रसाद साहू, मदन गोदारा, चेतन डोगीवाल, शंकर लाल जाखड़, सहीराम जाखड़, संदीप भाकर, मांगीलाल बिस्सू, बजरंग जाखड़, लक्ष्मण पोटलिया, कमेटी मेम्बर में उमेद सागवान, के



के कोठारी, जगत पिलानिया, आजाद लाखलन, विजय पूनिया, के के गढ़वाल, भंवरलाल खेरिया, चेतन सियांग, प्रदीप मीतर, मुकेश चौधरी (यूपी), विजय नेण, पूनम भादू, मनोज पूनिया, नोरंग कड़वासरा, भंवरलाल जाखड़, मार्गदर्शक कमेटी में मोहन बाना, उमेद चबरवाल, रामचंद्र खेरिया, आशीष सौराण, रामलाल बिस्सू को चयनित किया गया। सभी पदाधिकारी अपना पदभार तत्काल प्रभाव से संभालेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामस्वरूप चौधरी ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल जाट समाज सभी के सहयोग से नई ऊंचाई और मुकाम हासिल करेगा। कार्यक्रम की जानकारी उमेद चबरवाल ने दी।

## बीरभूम में अनुब्रत मंडल, काजल शेख समेत तीन तृणमूल नेताओं की सुरक्षा में भारी कटौती

**बीरभूम :** राज्य सरकार की ओर से जिले के कई प्रमुख तृणमूल कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती की गई है। पहले जिन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी, अब उनकी सुरक्षा घटाकर सामान्य कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, बीरभूम के चर्चित नेता अनुब्रत मंडल की सुरक्षा सबसे पहले कम की गई है। पहले उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा के साथ घर पर सशस्त्र गार्ड और अन्य सुरक्षा कर्मी तैनात रहते थे। अब उनकी सुरक्षा केवल एक सशस्त्र सुरक्षा कर्मी करेंगे। इसी तरह, जिला परिषद के सभाधिपति और विधायक काजल शेख की सुरक्षा में भी बदलाव किया गया है। उनकी पायलट और एस्कॉर्ट सहित अतिरिक्त सुरक्षा हटा ली गई



है। अब उन्हें केवल दो सशस्त्र सुरक्षा कर्मी मिलेंगे। पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक चंद्रनाथ सिन्हा की सुरक्षा भी कम कर दी गई है। पहले उन्हें मंत्री पद के दौरान पायलट और हाउस गार्ड सहित कड़ी सुरक्षा मिलती थी, लेकिन अब विधायक स्तर की सुरक्षा के तहत दो सशस्त्र सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। बताया जा रहा है कि यह नया सुरक्षा ढांचा मंगलवार की रात से ही लागू कर दिया गया है।

## नोआपाड़ा कारशेड में आधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन, मेट्रो सेवाएं होंगी और बेहतर



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे कोलकाता के महाप्रबंधक सुभ्रांशु शेखर मिश्रा ने मंगलवार को नोआपाड़ा मेट्रो डिपो परिसर में कई आधुनिक आधारभूत सुविधाओं का उद्घाटन किया। इनमें उन्नत लिफ्टिंग बे और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) सिम्युलेटर प्रमुख हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन सुविधाओं से मेट्रो रेकों के रखरखाव कार्य अधिक सुरक्षित और प्रभावी होंगे, वहीं ईआई सिम्युलेटर परिचालन कर्मचारियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने में सहायक साबित होगा। महाप्रबंधक ने इस अवसर पर आधुनिक मेट्रो रेलवे ट्रेनिंग अकादमी तथा नए इंस्पेक्शन-कम-लिफ्टिंग शेड की आधारशिला भी रखी। उन्होंने विश्वास जताया कि ये परियोजनाएं मेट्रो रेलवे को तकनीकी रूप से और अधिक मजबूत बनाएंगी तथा यात्रियों को सुरक्षित और विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद करेंगी। कार्यक्रम के दौरान सुभ्रांशु शेखर मिश्रा ने औद्योगिक कबाड़ से तैयार 'स्क्रैप टू आर्ट' थीम पर आधारित दो कलात्मक मूर्तियों का भी अनावरण किया।

## तारापीठ से देवघर के लिए बनेगा नया नेशनल हाईवे, पर्यटन व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा

❑ **9 करोड़ की लागत से बनेगी 15 किलोमीटर नई सड़क**

**बीरभूम :** राज्य के प्रसिद्ध शक्तिपीठ तारापीठ और झारखंड के विश्व प्रसिद्ध शिवधाम देवघर के बीच यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। प्रशासन ने इन दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों को सीधे सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों राज्यों के श्रद्धालुओं की बरसों पुरानी मांग को पूरा करते हुए एक नए राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की पहल शुरू हो गई है। रामपुरहाट में दोनों राज्यों के उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद इस प्रोजेक्ट के काम का औपचारिक आगाज कर दिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह नया रोड प्रोजेक्ट रामपुरहाट के माझखंड गांव से शुरू होगा और राष्ट्रीय राजमार्ग 114ए के हिस्से के रूप में झारखंड सीमा में प्रवेश करेगा, जो सीधे देवघर से कनेक्टिविटी स्थापित करेगा। इस नए बाईपास और सड़क संपर्क की कुल लंबाई लगभग 15 किलोमीटर होगी। इसमें से करीब 9 किलोमीटर का हिस्सा बीरभूम जिले में और लगभग 6 किलोमीटर का हिस्सा झारखंड राज्य में पड़ेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 9 करोड़ रुपये तय की गई है। जमीन अधिग्रहण और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को जल्द पूरा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नया हाईवे बनने से दोनों धार्मिक स्थलों के बीच की दूरी और समय काफी कम हो जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस मार्ग के चालू होने से न केवल धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा, बल्कि सड़कों के किनारे नई दुकानें, होटल, लॉज और परिवहन सेवाओं जैसे छोटे व्यवसायों के अवसर खुलेंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा।

## सत्यबाला आईडी अस्पताल का विधायक उमेश राय ने किया निरीक्षण



**हावड़ा :** सत्यबाला आईडी अस्पताल में बुधवार को स्थानीय विधायक उमेश राय ने अस्पताल कर्मचारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की खराब और दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की। विधायक उमेश राय ने अस्पताल में आवश्यक संसाधनों और मूलभूत सुविधाओं की कमी को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द जरूरी सामग्री और सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक ने भविष्य में सत्यबाला आईडी अस्पताल को सुपर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकार से इस दिशा में पहल करने का आग्रह करते हुए अस्पताल के निर्माण एवं आधुनिकीकरण कार्य को शीघ्र शुरू करने पर चर्चा की।

## पश्चिम बंगाल में आईसीएआर-सिफरी की नाव आधारित जागरूकता मुहिम, संतुलित उर्वरक उपयोग पर दिया जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सतत मत्स्य पालन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईसीएआर-सेंट्रल इनलैंड फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईसीएआर-सिफरी) ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के बलागढ़ ब्लॉक में मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम के तहत मछली पालकों के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग पर एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस अनोखे अभियान का आयोजन नाव पर किया गया, ताकि मछुआरा समुदाय से उनके कार्यस्थल पर सीधे संवाद स्थापित किया जा सके। सतत मत्स्य पालन के लिए मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मृदा स्वास्थ्य, जल गुणवत्ता, पोषक तत्व प्रबंधन और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के बीच संबंधों पर विस्तार से चर्चा की गई।

आईसीएआर-सिफरी के निदेशक डॉ. प्रदीप डे ने कहा कि



कृषि क्षेत्रों में रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से मृदा क्षरण और पोषक तत्वों का बहाव बढ़ता है, जिससे जलाशयों और मछलियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों से मृदा एवं जल परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग अपनाने तथा जैव उर्वरक और जैविक संसाधनों पर आधारित एकीकृत पोषण प्रबंधन पद्धतियों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में आरईएफ डिवीजन के प्रमुख डॉ. एस. के. मन्ना ने मृदा स्वास्थ्य और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के आपसी संबंधों पर तकनीकी प्रस्तुति दी। अभियान का समन्वयन डॉ. डी. भक्त, डॉ. सुमन कुमारी और सुश्री टी. एन. चानू ने किया। कार्यक्रम में 35 मछली पालकों ने भाग लिया, जिनमें 25 महिलाएं शामिल थीं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल संतुलित उर्वरक उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु अनुकूल मत्स्य पालन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## मेट्रो रेलवे के कर्मचारी मित्रभा गुहा ने जीती कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप 2026



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के कर्मचारी और ग्रैंड मास्टर मित्रभा गुहा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए श्रीलंका के काल-तारा में आयोजित कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 16 मई से 26 मई 2026 तक आयोजित हुई थी। कॉमनवेल्थ देशों के खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में मित्रभा गुहा ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उनकी इस सफलता से मेट्रो रेलवे और भारतीय रेलवे को खेल जगत तथा अंतरराष्ट्रीय शतरंज में नई पहचान मिली है। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक शुभ्रांशु शेखर मिश्रा ने मित्रभा गुहा को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुहा की मेहनत, समर्पण और खेल भावना ने न केवल मेट्रो रेलवे बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। मित्रभा गुहा की इस उपलब्धि को मेट्रो रेलवे परिवार के लिए गर्व का क्षण माना जा रहा है।

## कोलकाता के छात्रों ने एसओएफ इंटरनेशनल ओलंपियाड 2025-26 में लहराया परचम

**कोलकाता :** कोलकाता के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया। विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओं में छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

बी.डी.एम. इंटरनेशनल (सीबीएसई) के कक्षा 12 के छात्र सभ्यसाची लस्कर ने नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओ) में इंटरनेशनल रैंक-1 प्राप्त की। वहीं, जी.डी. बिड़ला सेंटर फॉर एजुकेशन की कक्षा 12 की छात्रा राजनंदिनी चटर्जी ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (आईईओ) में इंटरनेशनल रैंक-1 हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की। दोनों विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




इसके अलावा, दिल्ली पब्लिक स्कूल मेगासिटी की कक्षा 5 की छात्रा समारा सिन्हा ने नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओ) में इंटरनेशनल रैंक-3 प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उन्हें भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष आयोजित एसओएफ ओलंपियाड में कोलकाता के एक लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सभी प्रतिभाशाली छात्रों को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 28वें एसओएफ इंटरनेशनल एनुअल अवॉर्ड समारोह में सम्मानित किया गया।

समारोह में भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रो. वाई.एस. राजन, पूर्व अध्यक्ष एनआईटी मणिपुर एवं विशिष्ट प्रोफेसर, इसरो; सीबीएसई के सचिव एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के आईएएस अधिकारी हिमांशु गुप्ता; तथा मारेंगो एशिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो एंड स्पाइन के चेयरमैन डॉ. प्रवीण गुप्ता सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

एसओएफ के संस्थापक एवं निदेशक महाबीर सिंह ने कहा कि संस्था छात्रों को बेहतर प्रदर्शन और तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करने के लिए लगातार प्रेरित कर रही है। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता मेहनत, समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है।

## केएमसी में टीएमसी को बड़ा झटका, सुशांत घोष और अरूप चक्रवर्ती ने छोड़े अपने पद

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव में हार के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के भीतर असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। बुधवार को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के दो तृणमूल पार्षदों ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, दोनों नेताओं ने पार्षद पद नहीं छोड़ा है। वार्ड 108 के पार्षद सुषांत घोष ने केएमसी के बरो नंबर 12 के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा केएमसी आयुक्त स्मिता पांडे को सौंपा। वहीं, वार्ड 98 के पार्षद अरूप चक्रवर्ती ने केएमसी की अकाउंट्स कमेटी के सदस्य पद से इस्तीफा दिया। दोनों नेता बुधवार की दोपहर एक साथ केएमसी मुख्यालय पहुंचे थे, जिसके बाद उनके अचानक पहुंचने को लेकर अटकलें शुरू हो गई थीं। बाद में, पता चला कि दोनों



अपने-अपने पदों से इस्तीफा देने पहुंचे थे। इसके बाद, उन्होंने मेयर फिरहाद हकीम को भी अपना इस्तीफा सौंपा। मीडिया से बातचीत में अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि विधानसभा चुनाव का परिणाम निराशाजनक रहा और जनता के फैसले को गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर हार स्वीकार नहीं की जाएगी तो पिछली जीत का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ता इस समय असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और सवाल उठाया कि लंबे समय तक लाभ उठाने वाले मंत्री अब कहां हैं। वहीं, सुषांत घोष ने भी इसी तरह की नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यदि जनता चाहेगी तो वह पार्षद पद से भी इस्तीफा दे देंगे।

# हावड़ा को जलजमाव से मिलेगी राहत, 4700 करोड़ के मेगा ड्रेनेज प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार

**❑ तीन भाजपा विधायकों ने नगर निगम कमिश्नर के साथ की बैठक**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हर साल मानसून आते ही जलमग्न हो जाने वाले हावड़ा शहर के निवासियों के लिए एक बहुत बड़ी और राहत भरी खबर है। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद हावड़ा नगर निगम ने शहर की निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने के लिए एक महत्वाकांक्षी 'मास्टर प्लान' तैयार किया है। इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत लगभग 4700 करोड़ रुपये की लागत से हावड़ा के ड्रेनेज सिस्टम का कायाकल्प किया जाएगा। इस बड़े प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए एक निजी संस्था और केएमडीए को शामिल करने की योजना बनाई गई है। परियोजना की 'विस्तृत परियोजना रिपोर्ट' भी पूरी तरह तैयार कर ली गई है। इस मास्टर प्लान को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए मंगलवार को भाजपा के तीन विधायकों ने हावड़ा नगर निगम का दौरा किया और निगम कमिश्नर सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में उत्तर हावड़ा के विधायक उमेश राय, शिवपुर के विधायक रुद्रनील घोष और बाली के विधायक संजय सिंह शामिल हुए। बैठक के बाद उत्तर हावड़ा के विधायक उमेश राय ने बताया कि हावड़ा शहर में जलजमाव की समस्या कहां-कहां है और मास्टर प्लान के जरिए इसका स्थायी समाधान कैसे किया जाएगा, इस पर कमिश्नर के साथ विस्तृत चर्चा हुई है। इस 4700 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का 70 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार देगी, जबकि बाकी 30 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी। हम इस पूरे मामले से मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को अवगत कराएंगे ताकि नई सरकार के पहले बजट में ही राज्य के हिस्से की राशि आवंटित की जा सके।



**❑ हावड़ा जिला अस्पताल बनेगा मल्टीस्पेशलिटी, शुभेंदु अधिकारी से होगी बात**

ड्रेनेज सिस्टम की समीक्षा करने के बाद तीनों भाजपा विधायकों ने हावड़ा जिला अस्पताल का भी दौरा किया और वहां अस्पताल प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में अस्पताल के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं के विकास पर चर्चा हुई। विधायकों ने अस्पताल अधिकारियों को आश्वासन दिया कि हावड़ा जिला अस्पताल को आगामी दिनों में एक अत्याधुनिक 'मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल' में बदलने के लिए वे मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी से सीधे बात करेंगे। इसके अलावा, अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने, चिकित्सा उपकरणों को आधुनिक बनाने और अस्पताल परिसर में पार्किंग की समस्या को दूर करने को लेकर भी बैठक में ठोस रणनीति बनाई गई।

## मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच राज्यपाल रवि से मिले मुख्यमंत्री शुभेंदु



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में नवगठित भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को लोक भवन में राज्यपाल आर एन रवि से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, बैठक आधे घंटे से अधिक चली, लेकिन उसमें क्या चर्चा हुई, इसकी तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है। अधिकारी की रवि से यह मुलाकात राज्य में नवगठित भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच हुई है।

## आज ब्रिगेड परेड ग्राउंड में ईद-उल-अजहा की होगी नमाज, तैयारियां पूरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार द्वारा सड़कों और सार्वजनिक मार्गों पर नमाज अदा करने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले के बाद इस वर्ष ईद-उल-अजहा की नमाज ऐतिहासिक स्थल रेड रोड से की जगह यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित की जाएगी जहां तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। सरकार ने निर्देश दिया है कि प्रार्थना सभा में लोगों को सड़कों पर नहीं आना चाहिए ताकि यातायात और सार्वजनिक आवागमन में बाधा न आए। आयोजकों द्वारा वार्षिक आयोजन के लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने के बाद, श्रमिकों को कार्यक्रम स्थल पर एक मंच तैयार करते और लाउडस्पीकर लगाते हुए देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को लेकर कोलकाता पुलिस और आयोजकों के बीच चर्चा के बाद कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ने वार्षिक प्रार्थनाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए ब्रिगेड परेड ग्राउंड में वैकल्पिक व्यवस्था की सुविधा प्रदान की।

## कोलकाता पुलिस के इंस्पेक्टर गौतम दास अब संभालेंगे नवान्न में नई जिम्मेदारी

**❑ विवादित तस्वीर के बाद आए थे चर्चा में**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने कोलकाता पुलिस में अहम प्रशासनिक बदलाव करते हुए दक्षिण संभाग के इंस्पेक्टर गौतम दास का तबादला कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, उन्हें प्रतिनियुक्ति पर मुख्यमंत्री कार्यालय 'नवान्न' में तैनात किया गया है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि यह नियुक्ति अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। राज्य सरकार की ओर से कोलकाता पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया गया है कि वे गौतम दास को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान पद से रिलीज करें, ताकि वे जल्द से जल्द अपनी नई जिम्मेदारी संभाल सकें। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रतिनियुक्ति के दौरान भी इंस्पेक्टर गौतम दास की वरिष्ठता पहले की तरह बरकरार रहेगी। प्रमोशन, ग्रेडेशन लिस्ट और करियर एडवांसमेंट स्कीम जैसी सुविधाओं पर इसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह आदेश सरकार के उप सचिव द्वारा 26 मई को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद जारी किया गया।

बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले विवादों में आए गौतम दास को उस समय निलंबित कर दिया गया था। पूरा विवाद एक तस्वीर को लेकर शुरू हुआ था। उस तस्वीर में गौतम दास कथित तौर पर एक अत्याधुनिक बंदूक हाथ में लेकर थाने में अपनी कुर्सी पर बैठे दिखाई दिए थे। तस्वीर में उन्होंने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी। हालांकि, तस्वीर की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी थी। आरोप था कि यह तस्वीर उन्होंने स्वयं फेसबुक और व्हाट्सऐप स्टेटस पर साझा की थी।

तृणमूल नेता जयप्रकाश मजूमदार ने सबसे पहले इस तस्वीर को सार्वजनिक किया था। विवाद बढ़ने के बाद लालबाजार प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गौतम दास को निलंबित कर दिया था। उनकी जगह चामेली मुखोपाध्याय को कालीघाट थाने का नया प्रभारी बनाया गया। हालांकि, 24 घंटे के भीतर फिर बदलाव करते हुए बलाई बाग को नया ओसी नियुक्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि गौतम दास फिलहाल कोलकाता पुलिस के साउथ डिवीजन में तैनात हैं और अब उन्हें नवान्न भेजने का आदेश जारी किया गया है।

## राज्य सरकार ने ओबीसी आरक्षण को घटाकर किया सात फीसदी

**❑ सरकारी नौकरियों के लिए नई 100-सूत्रीय रोस्टर नीति लागू**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के श्रम विभाग ने पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार के ओबीसी आरक्षण से जुड़े विवादित और असंवैधानिक शासनादेश को पूरी तरह से रद्द करते हुए एक नई अधिसूचना जारी कर दी है। इस नए आदेश के तहत अब राज्य की सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए केवल सात प्रतिशत आरक्षण लागू रहेगा। इसके साथ ही सरकार ने एक नया सौ सूत्रीय (100 प्वाइंट) रोस्टर भी जारी कर दिया है, जो तत्काल प्रभाव से सभी सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों और निगमों में लागू होगा। नई अधिसूचना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पूर्व सैनिकों और दिव्यांगों के लिए आरक्षण की विस्तृत व्यवस्था तय की गई है। ग्रुप 'सी' और 'डी' पदों में पूर्व सैनिकों के लिए विशेष प्रावधान रखे गए हैं, जबकि खेल प्रतिभाओं और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए भी अलग आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। राज्य सरकार का कहना है कि नई रोस्टर प्रणाली संविधान और न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई है, ताकि भविष्य में नियुक्ति प्रक्रिया कानूनी विवादों में न फंसे। बता दें कि पूर्ववर्ती ममता सरकार ने मुस्लिम के अधिक जातियों को आरक्षण के दायर में लाने के लिए सूची बढ़ा दी थी। साथ ही, दो श्रेणियों में बांट कर ओबीसी आरक्षण दिया जा रहा था। ए श्रेणी में शामिल जातियों को दस प्रतिशत और बी श्रेणी में शामिल जातियों को सात प्रतिशत आरक्षण दिया जाता था, यानी कुल 17 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था थी जिसे शुभेंदु सरकार ने फिलहाल सात प्रतिशत कर लागू कर दिया है।

## संगम क्लब के उद्घाटन समारोह धूमधाम से संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** गत 9 मई को रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में संगम क्लब का उद्घाटन समारोह का आयोजन बहुत धूम-धाम से किया गया। संगम क्लब का मुख्य उद्देश्य महिलाओं विशेषकर गृहणियों को कुछ पल अपने लिये जीने के लिये प्रेरित करना है। पहले कार्यक्रम को कई विभिन्न प्रस्तुतियों के द्वारा एक अदभुद प्रयास किया गया। खीन्द्र जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गान एवं खीन्द्र संगीत गाया गया। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में अनोखा रैम्प वॉक मां एवं पुत्र-पुत्री संग प्रस्तुत किया गया। आशा भोषले को श्रद्धांजली अर्पित करते हुये उनके गाये गाने पर एकल नृत्य क्लब की महिलाओं ने प्रस्तुत किया। प्रश्नावली में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न प्रकार के गेम्स एवं गिफ्ट की शानदार व्यवस्था क्लब द्वारा की गई थी।

## चुनाव बाद हिंसा मामले में सीबीआई ने शेख शाहजहां के करीबी समेत दस आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद संदेशखाली में हुई राजनीतिक हिंसा और तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने संदेशखाली के कुख्यात शाहजहां शेख के करीबी कादेर मोल्ला समेत दस लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, लंबे समय से जुटाए गए साक्ष्य, गवाहों के बयान और स्थानीय स्तर पर मिली सूचनाओं के आधार पर यह गिरफ्तारी अभियान चलाया गया। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर मामले से जुड़ी और जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मामला आठ जून 2019 का है। आरोप है कि लोकसभा चुनाव के बाद नजाट थाना इलाके में राजनीतिक झड़प हुई थी। उसी दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप मंडल, सुकांत मंडल और देवदास मंडल को गोली मारने के बाद धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने का आरोप लगा था। बताया गया कि विवाद पार्टी का झंडा हटाने को लेकर शुरू हुआ था। घटना की शुरुआती जांच राज्य की सीआईडी ने की थी। बाद में, दाखिल चार्जशीट से आरोपित शेख शाहजहां समेत 28 लोगों के नाम हटा दिए गए थे। इसके बाद, मृत भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों ने कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की थी। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद केंद्रीय एजेंसी ने मामले की जांच अपने हाथ में ली। अब इस मामले में 10 लोगों की गिरफ्तारी को जांच में अहम प्रगति माना जा रहा है।

## भड़काऊ टिप्पणी करने के आरोप में तृणमूल विधायक गिरफ्तार

**❑ एसटीएफ ने फरार दिलीप मंडल को पुरी से दबोचा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की एसटीएफ ने तृणमूल विधायक दिलीप मंडल को ओडिशा के पुरी से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, दिलीप मंडल पुरी स्थित होटल ब्लू लिली में ठहरे हुए थे, जहां से एसटीएफ टीम ने उन्हें हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि वह पिछले कई सप्ताह से फरार चल रहे थे। सूत्रों के अनुसार, दिलीप मंडल मंगलवार की रात करीब 10 बजे होटल ब्लू लिली में चेक-इन किए थे। वह रूम नंबर 2132 में एक अन्य व्यक्ति के साथ ठहरे हुए थे। बुधवार की सुबह एसटीएफ टीम होटल पहुंची और तलाशी अभियान चलाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें 'ट्रांजिट रिमांड' पर कोलकाता लाया जा रहा है। यह गिरफ्तारी मंडल के एक वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसमें वह कथित तौर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को धमकी देते और भड़काऊ टिप्पणी करते हुए सुने गए। आरोपों के अनुसार, मंडल ने कहा था कि 15 वर्षों तक मैंने बहुत संयम दिखाया और शांति बनाए रखी। लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का जिक्र करते हुए कथित तौर पर कहा था कि अपने मुख्यमंत्री से पूछिए कि दिलीप मंडल कौन है। पुलिस ने 11 मई को तृणमूल की विजय रैली के दौरान कथित तौर पर की गई टिप्पणियों के संबंध में शिकायत दर्ज होने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया था। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को उकसाने और धमकाने से संबंधित आरोपों पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।



## शिक्षा विभाग को दो हिस्सों में बांटने की तैयारी, होंगे दो-दो मंत्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में भाजपा सरकार अब प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी में है। भाजपा सरकार शिक्षा विभाग को फिर दो हिस्सों विद्यालय शिक्षा और उच्च शिक्षा में बांटने जा रही है। वाममोर्चा शासनकाल में यही व्यवस्था लागू थी, जहां दोनों विभागों के लिए अलग-अलग मंत्री होते थे। तृणमूल सरकार ने बाद में इन विभागों को मिलाकर एकल शिक्षा विभाग बना दिया था। अब भाजपा का मानना है कि अलग मंत्रालय बनने से प्रशासनिक गति बढ़ेगी और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही मजबूत होगी।

## फिल्म निर्माता अनिक दत्ता की छत से गिरने के बाद मौत, सुसाइड नोट बरामद, जंट में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्ला फिल्मों के मशहूर निर्देशक अनिक दत्त की मौत के मामले में पुलिस को एक 'सुसाइड नोट' मिला है। बुधवार की दोपहर छत से गिरने के बाद गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, निर्देशक के घर से एक चप्पल और एक हस्तलिखित नोट बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि उस नोट में लिखा था कि मेरी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। पुलिस अब इस नोट की सत्यता और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। यह घटना हिंदुस्तान पार्क इलाके स्थित उनकी पूर्व पत्नी संधि दत्ता के घर में हुई। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह अनिक दत्ता वहां पहुंचे थे। हालांकि वह खुद डोवर लेन स्थित अपने आवास में रहते थे। घटना के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां आपातकालीन विभाग में भर्ती किया गया। कुछ देर बाद अस्पताल की ओर से उनकी मौत की पुष्टि की गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएसकेएम अस्पताल भेजा गया है। अनिक दत्ता के निधन की खबर मिलते ही अस्पताल में कई प्रमुख लोग पहुंचे।

## दासनगर ब्रिज के नीचे सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत, पहचान में जुटी पुलिस

**हावड़ा, समाज्ञा :** दासनगर ब्रिज के नीचे बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही दासनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति किसी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ के जरिए मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि यदि कोई मृतक को पहचानता हो या उसके संबंध में कोई जानकारी रखता हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बादुड़िया में जूट के खेत की मिट्टी खोदकर पुलिस ने निकाला पैसों से भरी बोरियां और ट्रॉली बैग

**❑ गिरफ्तार पार्षद की निशानदेही पर पुलिस ने की कार्रवाई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बादुड़िया में बुधवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब पुलिस ने पाट के खेत में मिट्टी खोदकर भारी मात्रा में नकदी बरामद की। भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार तृणमूल नेता और बादुड़िया नगरपालिका के चेयरमैन दीपंकर भट्टाचार्य को साथ लेकर पहुंची पुलिस ने खेत से रुपये से भरे चार ट्रॉली बैग और एक बोरा बरामद किया। शुरुआती अनुमान के अनुसार, अब तक करीब 80 लाख रुपये मिलने की पुष्टि हुई है, हालांकि पूरी रकम की गिनती अभी जारी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, होटल से गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर बुधवार को तृणमूल कार्यालय के पास स्थित पाट के खेत में अभियान चलाया गया। खुदाई शुरू होते ही जमीन के नीचे दबाकर रखे गए बैग और बोरे बाहर निकाले गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सभी बैगों में 500 रुपये के नोटों की गड्डियां भरी हुई थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, 24 मई की रात दीपंकर भट्टाचार्य के कार्यालय और तृणमूल कार्यालय से वैन के जरिए सरकारी तिरपाल हटाए जाते देखे गए थे। इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित वहां से फरार हो गए थे। बाद में, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मात्रा में जले हुए दस्तावेज भी बरामद किए। तलाशी अभियान के दौरान एक बागानबाड़ी से करीब चार हजार सरकारी तिरपाल भी जब्त किए गए हैं। इससे पहले सोमवार को होटल से दीपंकर भट्टाचार्य की गिरफ्तारी के समय भी लगभग 80 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे। मंगलवार को अदालत ने उन्हें छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था।



## नई पीढ़ी को सही दिशा देना सबसे जरूरी : बिप्लब मंडल

**हावड़ा :** हावड़ा मध्य से भाजपा उम्मीदवार बिप्लब मंडल ने संगठन, राजनीति, हिंदुत्व, आगामी पीढ़ी और समाज सेवा जैसे विभिन्न मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। आरएसएस पृष्ठभूमि से आने वाले बिप्लब मंडल ने कहा कि राजनीति उनके लिए केवल चुनाव नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति के लिए लगातार काम करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को सही दिशा और संस्कार देना आज सबसे बड़ी जरूरत है।

**❑ आप आरएसएस बैकग्राउंड से हैं और बचपन से संगठन से जुड़े रहे हैं। एक्टिव पॉलिटिक्स में आने के बारे में आपने कैसे सोचा?**

देखिए, एक्टिव पॉलिटिक्स में हम अपनी इच्छा से नहीं आए थे। हमें 1974 में आरएसएस की ओर से योजनाबद्ध तरीके से भेजा गया था। उसके बाद जनसंघ, फिर जनता पार्टी और उसके बाद भाजपा के साथ लगातार काम कर रहे हैं।

**❑ जब भाजपा ने आपको टिकट दिया, तब चुनाव को लेकर आपकी रणनीति क्या थी?**

देखिए, चुनाव में उतरने वाला हर व्यक्ति जीतने की सोच के साथ ही मैदान में आता है। हमने भी अपनी पूरी ताकत और क्षमता के हिसाब से मजबूत लड़ाई लड़ने की कोशिश की। हमारे कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी पूरी मेहनत की।



**❑ अब आगे आपकी क्या योजना है?**

हमारा मुख्य उद्देश्य समाज का काम करना है और हम आगे भी लगातार समाज सेवा करते रहेंगे।

**❑ इस चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा क्या रहा?**

यह चुनाव आम लोगों और टीएमसी के बीच था। हिंदुत्व एक बड़ा मुद्दा बनकर सामने आया और आज हिंदुत्व की जीत हुई है। अब हमें इसे और मजबूत करना है। आज लोग भय आउट, भरोसा इन की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। लोग सनातनी विचारधारा और सरकार पर भरोसा कर रहे हैं। हमारी संस्कृति और परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना बहुत जरूरी है।

**❑ आप आने वाली पीढ़ी की बात कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि नई पीढ़ी इन विचारों से जुड़ पाएगी?**

यह पूरी तरह हमारे हाथ में है कि हम उन्हें कैसी गाइडेंस देते हैं। आने वाली पीढ़ी वही सीखेगी जो हम उन्हें सिखाएंगे। अगर सही दिशा और अच्छे संस्कार दिए जाएंगे, तो समाज और देश दोनों मजबूत होंगे। इसलिए युवाओं को संस्कृति, समाज और राष्ट्र के प्रति जागरूक करना जरूरी है।

**❑ अवैध कब्जा और अतिक्रमण हटाने को लेकर लगातार कार्रवाई हो रही है। क्या यह आगे भी जारी रहेगी?**

सरकार ने साफ कहा है कि किसी भी तरह का अवैध काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उसी नीति के अनुसार कार्रवाई चल रही है और आगे भी जारी रहेगी। कानून के अनुसार जो जरूरी होगा, वही किया जाएगा।

**❑ अपने समर्थकों और शुभचिंतकों को क्या संदेश देना चाहेंगे?**

मैं सभी से कहना चाहूंगा कि सब लोग मिलकर काम करें। अपना दायरा बढ़ाएं और समाज के लिए अच्छे कार्य करें। अगर कहीं गलत हो रहा है, तो उसका विरोध भी करें।

## रेलवे और जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से हावड़ा के विकास कार्यों को मिली रफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में आधारभूत ढांचे के विकास और मानसून तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से हावड़ा मंडल के डीआरएम विशाल कपूर ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ जिला मजिस्ट्रेट डॉ. पी. दीपाप प्रिया, आईएएस के साथ डीआरएम कॉन्फ्रेंस हॉल में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक की। बैठक में रेलवे और नागरिक क्षेत्रों में समन्वित विकास कार्यों को तेज करने तथा मानसून के दौरान बुनियादी ढांचे को अधिक सक्षम बनाने पर विशेष चर्चा हुई। खासतौर पर हावड़ा स्टेशन और आसपास के रेलवे क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था, यात्री सुविधाओं और परिचालन दक्षता को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

भारी बारिश के दौरान जलभराव से रेलवे संचालन प्रभावित होने की समस्या को प्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया गया। रेलवे ट्रैक और आसपास के इलाकों में पानी जमा होने से रोकने के लिए निवारक और सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में गुलमोहर रेलवे कॉलोनी, कोल्विन कोर्ट, चर्च रोड, बेलनगर एलएचएस और बेलूर सबवे जैसे जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा की गई। साथ ही, हावड़ा स्टेशन सबवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाने पर भी चर्चा हुई।



हावड़ा नगर निगम ने रेलवे परिसरों के आसपास सफाई, ड्रेनेज रखरखाव और अन्य नागरिक सेवाओं में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अलावा, बनारस ब्रिज और चांदमारी ब्रिज परियोजनाओं की प्रगति तथा यातायात प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। बैठक का समापन रेलवे और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से आधुनिक और सुगम नागरिक सुविधाएं विकसित करने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

## टीएमसी में अंदरूनी कलह के बीच ममता ने लिखी 'गिरगिट' कविता

**❑ बागियों को दिया सख्त संदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस में चल रहे अंदरूनी विवाद और नेताओं के बीच बढ़ते मतभेदों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक कविता साझा कर राजनीतिक संदेश दिया है। ममता बनर्जी ने बुधवार की रात अपने फेसबुक पेज पर बंगाली भाषा में लिखी कविता 'गिरगिट' पोस्ट की, जिसे पार्टी के भीतर असंतोष और गुटबाजी पर सीधा इशारा माना जा रहा है। कविता में ममता बनर्जी ने ऐसे लोगों पर निशाना साधा जो अपने स्वार्थ के लिए बार-बार रंग बदलते हैं। कविता की शुरुआती पंक्तियों में उन्होंने लिखा कि गिरगिटों से भी ज्यादा खतरनाक वे बहुरूपी लोग हैं, जो अपने स्वार्थ और कमाई के स्रोत बचाने के लिए और तेजी से रंग बदलते हैं। कविता में आगे कहा गया है कि ऐसे लोग अपने आर्थिक हितों के लिए कुछ ही घंटों में रंग और चरित्र बदल लेते हैं तथा कार्यकर्ताओं और आम लोगों के आत्मसम्मान को बेच देते हैं। अपने संदेश में ममता ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे लोगों को उनके कर्मों का परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने लिखा कि जैसे रथ के पहिए चलते हैं, वैसे ही तुम्हारे पहिए भी चलेंगे। तुम्हें इसका परिणाम मिलेगा। उस दिन गद्दार समझेंगे कि अमानवीयता और मूल्यहीनता क्या होती है। उन्होंने इशारों में कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ने या नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें समय आने पर जवाब मिलेगा।

# तृणमूल का 150 सीटों पर 'वोट लूट' का दावा 50 तक सिमटा

**❑ पराजित प्रत्याशी कानूनी लड़ाई में शामिल होने को तैयार नहीं**

**❑ ममता 20 जून तक याचिकाएं दायर करने पर अड़ी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद 'वोट लूट' का आरोप लगाकर देशव्यापी विमर्श गढ़ने की कोशिश करने वाली तृणमूल कांग्रेस अब खुद बैकफुट पर नजर आ रही है। पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने जहां कम से कम 150 सीटों पर भाजपा द्वारा वोट लूटने का दावा किया था, वहीं अब पार्टी बमुश्किल 50 सीटों पर मुकदमा करने की तैयारी कर पा रही है। इस कानूनी रुख में सबसे बड़ा रोड़ा खुद तृणमूल के पराजित उम्मीदवार बन रहे हैं, जो अब नए सिरे से अदालती पचड़े में पड़ने को तैयार नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, हार के बाद उपजी भारी निराशा और सांगठनिक बिखराव के बीच अधिकांश पराजित प्रत्याशियों ने नेतृत्व को स्पष्ट कर दिया है कि जब भाजपा सरकार बना चुकी है, तो इस कानूनी लड़ाई का कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। इससे तृणमूल की सत्ता में वापसी तो नहीं होगी। हालांकि, ममता बनर्जी जून के पहले सप्ताह में अदालत खुलते ही याचिकाएं दायर करने की रणनीति पर अड़ी हैं, क्योंकि नियमानुसार परिणाम के 45 दिनों के भीतर (20 जून तक) ही याचिका दायर की जा सकती है। तृणमूल इस मामले में मुख्य रूप से मतदाता सूची से नाम हटाने (डिलीशन) और 'एडजुडिकेशन' की प्रक्रिया में विसंगतियों को हथियार बना रही है। पार्टी का तर्क है कि जहां भाजपा की जीत का अंतर 10 से 30 हजार था, वहां हजारों मतदाताओं के नाम जानबूझकर काटे गए।

इसके अलावा, मतगणना के दिन काउंटिंग एजेंटों के साथ हुई बदसलूकी के सीसीटीवी फुटेज और ईवीएम में 90 प्रतिशत तक चार्ज रहने जैसे तकनीकी संदेहों को भी अदालत में चुनौती देने की तैयारी है। राज्य उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार के अनुसार, यह लड़ाई केवल हार-जीत की नहीं, बल्कि पार्टी की साख बचाने की है।

# अपने लिवर का ध्यान रखें

अशोक गुप्त



लिवर हमारे शरीर के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह 24 घंटे कार्य करता रहता है और इसमें अपने को स्वयं ठीक करने की क्षमता होती है। यह हमारे शरीर से विषैले पदार्थ निकालने में सहायता करता है और शरीर को कार्य करने की शक्ति प्रदान करता है।

स्वस्थ लिवर शरीर में संक्रमण और वायरस को नहीं पनपने देता और शरीर में सैक्स हार्मोन विटामिन व खनिज पदार्थों को उचित मात्रा में बनाए रखता है। यह कोलेस्ट्राल के स्तर को भी ठीक रखता है।

लिवर हमारे शरीर में 500 से अधिक प्रकार के कार्य करता है। लिवर में कोई बीमारी हो जाने पर ये कार्य बांधित होते हैं। लिवर में कई प्रकार की बीमारियां हो सकती हैं इनमें प्रमुख हैं हेपेटाइटिस ए, बी, सी जो वायरस के कारण होती है। इसके अतिरिक्त दवाओं के अधिक प्रयोग, जहरीला पदार्थ खाने या अधिक शराब पीने से भी हो सकती हैं। इससे लिवर कार्य करना बंद कर सकता है। लिवर फेल होने पर लिवर ट्रांसप्लांट ही एक मात्र उपाय रह जाता है। इसमें खराब लिवर को निकाल कर स्वस्थ लिवर लगाया जाता है।

लिवर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाना बहुत आवश्यक है। संतुलित आहार लें और चाय और काफी की मात्रा कम कर दें। एक दिन में 10 से 12 गिलास पानी अवश्य पियें। अपना भोजन खूब चबा-चबा कर खाएं ताकि उसमें पाचक एंजाइम भली प्रकार मिल सकें।

नमक व चीनी का प्रयोग अधिक मात्रा में न करें। नियमित व्यायाम और योगाभ्यास भी लिवर को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होते हैं। स्वस्थ लिवर से ही हम जीवन का सही आनंद ले सकते हैं। (स्वास्थ्य दर्पण)

## अमृत पान है उषा पान

महेन्द्र सिंह

उषा अर्थात प्रातःकाल उठने के बाद जल पीने को उषापान कहते हैं। आयुर्वेद में उषापान को अमृतपान कहा गया हैं। रोगों को दूर करने में यह सरल, निःशुल्क व सर्वसुलभ उपचार है। उषा पान को जल चिकित्सा या वाटर थेरेपी भी कहते हैं। वर्तमान चिकित्सक भी आयुर्वेद के इस प्राचीन उपचार की महत्ता स्वीकार करते हैं।

### उषापान पर वैज्ञानिक शोधः-

जापान की संस्था 'द सिकनेस एसोसिएशन' ने अपने शोध अध्ययन में निम्न निष्कर्ष निकाला है।

रात में नींद के समय लगभग 6 घंटे तक हर व्यक्ति के शरीर में कम हलचल होती है। इस बीच पेट द्वारा भोजन पचाकर उसका रस सारे शरीर में पहुंचाने का काम बराबर चलता रहता है। इस प्रक्रिया के साथ शरीर में नये कोष बनाने तथा पुराने कोषों को मल के रूप में विसर्जित करने का चयापचय का क्रम चलता रहता है।

रात में शरीर की हलचल तथा शरीर में पानी के प्रवाह की कमी से जगह-जगह शरीर में विषैले तत्व एकत्रित हो जाते हैं। प्रातः जागते ही शरीर में पर्याप्त मात्रा में एक साथ पानी पहुंचने से शरीर के आंतरिक अंगों की धुलाई जैसी क्रिया होती है जिससे सहज ही शरीर में विजातीय पदार्थ शरीर से बाहर निकल जाते हैं। यदि ये विजातीय पदार्थ या विष शरीर से बाहर नहीं निकल पाते तो अनेक रोगों के कारण बन जाते हैं। ये विषाक्त पदार्थ शरीर में पथरी या गांठ के रूप में बन जाते हैं। उषापान से ऐसी बीमारियों को पनपने का अवसर ही नहीं मिलता।

### उषापान के प्रयोग, परीक्षण एवं शोध से निम्न परिणाम निकले हैं-

**निम्न रोगों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।**

- सिर दर्द, रक्तचाप, एनीमिया संधिवात, मोटापा, स्नायुरोग, साइटिका, दिल की धड़कन, बेहोशी।
- कफ, खांसी, दमा, ब्रोंकाइटिस, टी. बी.। मैनेंजाइटिस, लिवर संबंधी रोग, स्वप्नदोष।
- हाइपरएसिडिटी, अम्लपित्त गैस संबंधी रोग व तकलीफ।
- पेचिस, गुर्दे की बीमारी, कब्जियत, डायबिटीज।
- नाक और गले संबंधी बीमारियां।
- स्त्रियों की अनियमित माहवारी प्रदर, गर्भाशय का कैंसर आदि समस्त रोगों की जड़ कब्ज है।
- उषापान कब्ज का अचूक उपचार है।

### उषापान के नियम

- सवेरे उषाकाल में ही यह प्रयोग करें। दिन में जल पीने से उतने लाभ नहीं होते।
- मंजन या ब्रश करने से पूर्व बासी मुंह कुल्ला करके जल पिएं।
- 60 किलोग्राम भार के व्यक्ति 1 लिटर पानी प्रातः काल पिएं। आयुर्वेद में 8 अंजलि जल पीने को कहा गया है।
- पानी बैठकर पिएं, खड़े होकर नहीं। रात में तांबे के बरतन में रखा पानी सुबह पिएं तो अधिक लाभ होता है।
- जिनके शरीर में गर्मी हो, जलन रहती हो, वे रात्रि का रखा सादा पानी पिएं।
- एक बार में न पी सकें तो 10-15 मिनट में थोड़ा-थोड़ा करके पिएं।
- उषापान प्रारंभ करने के 10-15 दिन तक पेशाब ज्यादा व जोर से लगेगा किंतु बाद में ठीक हो जायेगा।
- जिनको सर्दी अधिक लगती है, पाचन अग्नि मंद हो, कमजोरी हो, वे अधिक सर्दियों में हल्का गर्म पानी पिएं।
- पानी पीकर 10 मिनट पेट पर हाथ फेरते हुए खुली हवा में टहलें। यह क्रिया कब्ज के मरीजों के लिए विशेष उपयोगी है।

### ध्यान दें-

- तले भुने पदार्थ, मिर्च मसाला, चाय, कॉफी, गरम मसाले, अचार खटाई से परहेज करें अर्थात् न खायें।
- भूख से कम खायें व चबा चबा कर खायें।
- भोजन के साथ पानी न पिएं। भोजन के डेढ़ घंटे बाद पानी पिएं।
- आयुर्वेद का मान्य् नियम है कि अपच में जल औषधि है, निरोग रहने पर स्फूर्तिदायक है। खाद्य सामग्री में जल का मिश्रण अमृत तुल्य है।
- भोजनोपरांत तत्काल जल पीना नुकसानदायक है। (स्वा.द.)

# समय पर पहचान और आधुनिक उपचार से रक्त कैंसर को हराना संभवः चिकित्सा विशेषज्ञ



चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि बार-बार बुखार आना, शरीर में कमजोरी होना, खून की कमी होना, हाथ-पांव में कमजोरी महसूस होना भले ही लक्षण सामान्य नजर आते हों, लेकिन यदि उपचार के बाद भी अगर ये ठीक न हों तो ये रक्त कैंसर के शुरुआती संकेत भी हो सकते हैं।

भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के ब्लड कैंसर एवं अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह शेखावत ने यहां 28 मई को विश्व रक्त कैंसर दिवस पर कहा कि समय पर पहचान और आधुनिक उपचार से रक्त कैंसर को पूर्णतः हराकर एक सामान्य जीवन जिया या जा सकता है।

बाल रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी माथुर ने बताया कि बच्च्चों में कई तरह के रक्त कैंसर होते हैं तथा उपचार करके उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है।

डॉ. शेखावत ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा में 'कार-टी सेल थेरेपी' और अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण (बीएमटी) जैसी अत्याधुनिक तकनीकें रक्त कैंसर और गंभीर रक्त रोगों के उपचार में नई उम्मीद बनकर उभरी हैं।

उन्होंने कहा, ''कार-टी सेल थेरेपी में मरीज की प्रतिरक्षा कोशिकाओं को विशेष तकनीक से कैंसर कोशिकाओं को पहचानकर नष्ट करने के लिए तैयार किया जाता है। वहीं बीएमटी के माध्यम से रोगग्रस्त अस्थि मज्जा को स्वस्थ स्टेम सेल्स से प्रतिस्थापित किया जाता है। यह उपचार ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मल्टीपल मायलोमा, थैलेसीमिया और एप्लास्टिक एनीमिया जैसे गंभीर रोगों में उपयोगी है।'

अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ शेखावत ने बताया कि अस्पताल में रक्त कैंसर से संबंधित दो परीयोजनाएं चलाई जा रही है, जिनके तहत रोगियों को निःशुल्क उपचार किया जाता है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए जीवनदान परियोजना है जिसके तहत अगस्त 2014 से मार्च 2026 तक 11.03 करोड़ रुपए की लागत से 176 बच्चों का उपचार कर उन्हें कैंसर मुक्त किया गया तथा ये बच्चे सामान्य जीवन जी रहे है।

उन्होंने कहा कि व्यस्कों में होने वाले रक्त कैंसर के लिए 'क्रोनिक माईलोइड ल्यूकीमिया' कैंसर मुक्ति योजना (सीएमएल-सीएमवाए) हैं तथा उसके तहत अगस्त 2015 से मार्च 2026 तक 2.47 करोड़ रुपए की लागत से 340 रोगियों को उपचार देकर कैंसर मुक्त किया गया।

डॉ. शिवानी ने बताया कि जागरुकता की कमी के चलते इस रोग की पहचान नहीं होती है और उपचार समय पर शुरू नहीं हो पाती।

उन्होंने कहा कि हर रोगी में शुरुआती लक्षण अलग-अलग होते हैं, जिनमें बार-बार बुखार आना, एनिमिया का उपचार लेने के बाद भी ठीक न होना, शरीर पर गांठ का उभरना शामिल है।

डॉ. शिवानी ने कहा कि इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि कोई भी असमान्य लक्षण उपचार के बाद भी लम्बे समय तक ठीक न हो तो कैंसर रोग विशेषज्ञ से एक बार परामर्श अवश्य करना चाहिए।

# संभल कर बार-बार खाएं

नीतू गुप्ता



पहले समय में तो लोग अक्सर 3 बार या कुछ लोग दिन में दो बार पेट भर खाना खाते थे। उन्हें बीच-बीच में खाने की आदत नहीं थी। रात्रि में बस एक गिलास दूध पी लेते थे। उन्हें लगता था अधिक से अधिक तीन बार खाया खाना आराम से पच जाता है क्योंकि उसे पचाने के लिए पर्याप्त समय पाचन प्रणाली को मिल जाता है।

आजकल अधिकतर लोग 3 मुख्य आहार तो लेते हैं पर पेट भर कर नहीं, बीच में दो या तीन बार थोड़ा- थोड़ा कुछ ले लेते हैं जो शरीर को ऊर्जा देता रहता है। पेट भारी भी नहीं लगता, खाना सही तरीके से पच जाता है और शरीर स्वस्थ भी रहता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दिनभर में समय समय पर खाना अधिक फायदेमंद होता है क्योंकि इस तरीके से खाने से हमारे शरीर में फैट बर्न होने की क्षमता तेज हो जाती है, मेटाबॉलिज्म स्ट्रांग होता है, ब्लड शुगर का स्तर ठीक रहता है और वजन कम करने में भी सहायता मिलती है।

विशेषज्ञों के अनुसार जब भी कुछ खाएं, उन्हें छोटे-छोटे टुकड़े कर खाएं और खूब चबाएं, तब तक चबाएं जब तक वह आपके मुंह में घुल न जाए।

### स्नैकिंग क्या है:-

दो मुख्य आहारों के बीच कुछ भी खाने को माना जाता है। इसमें कैलोरी पर कम ध्यान दिया जाता है जो आज के स्वस्थ जागरूक रहने वाले लोगों के लिए ठीक नहीं क्योंकि बीच में खाना अधिकतर जंक फूड होता है जो पहले से पैक्ड बना हो। बस खोला और खा लिया। इससे शरीर को कैलोरी की मात्रा अधिक मिलेगी जो लाभ के बजाय नुकसान पहुंचाएगी। इस बात पर ध्यान रखें कि जो स्नैक्स आप खा रहे हैं, वह हैल्दी हों जिनमें कैलोरी की मात्रा कम हो।

### क्या खाएं स्नैक्स में:-

- फैट फ्री पापकार्न खाएं। पापकार्न में फाइबर की प्रचुर मात्रा होती है और कैलरीज की मात्रा कम। भूख भी जल्दी मिटती है और शरीर को हैल्दी तत्व भी मिलते हैं क्योंकि फैट फ्री पापकार्न में शुगर और सोडियम की मात्रा बहुत कम होती है। इसके लिए मक्की का पैकेट खरीदें और हल्के मक्खन में उसे बनाएं और भूख लगने पर सीमित मात्रा में इसका सेवन करें।
- टोंड दूध की कम शुगर वाली आइसक्रीम घर पर बनाएं, जमाएं । इसे पंद्रह दिन में एक बार खा सकते हैं। चाहे तो चीनी के स्थान पर शक्कर या थोड़ा गुड़ मिला लें।
- रेशेयुक्त कुकीज का सेवन ही सेहत के लिए ठीक माना जाता है। बेकरी में बने बिस्किट तो फैट वाले होते हैं जिनका नियमित सेवन ठीक नहीं। कभी-कभी मल्टीग्रेन आटे का एक बिस्किट ले सकते हैं। मेरी बिस्किट या अरारूट से बना बिस्किट कम कैलोरी वाला होता है। इसका सेवन करें।
- टोंड दूध में अपनी पसंद के फ्रूटस मिलाकर चर्न कर सेस ले सकते हैं। ध्यान दें दूध टोंड ही हो। उसमें चीनी न डालकर नेचुरल मिठास वाला स्मूदी हो।
- चाहें तो टोंड दूध से बना दही का भी प्रयोग कर सकती हैं। कुछ ड्राई फ्रूटस भी मिला लें तो स्मूदी अधिक स्वादिष्ट और हैल्दी बन जाएगी।
- बाजार से तीन चार प्रकार के बीज लें और उन्हें धीमी आंच पर बिना घी या तेल के भूनें, चाहें तो ड्राई फ्रूटस भी भून सकते हैं। ठंडा होने पर हल्का सा सेंधा नमक डालकर स्नैक के रूप में खा सकते हैं। इसी प्रकार मखाने को भून कर थोड़ा सा मक्खन डालकर भी खा सकते हैं। (स्वा.द.)

# कितना लाभप्रद है गाय का दूध

सुनीता गाबा

अक्सर सभी लोग दूध के गुणों को जानते हैं क्योंकि शिशु काल से ही माता-पिता बच्चों को दूध पीने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विशेषकर गाय का दूध सर्वोत्तम माना जाता है। गाय का दूध अपने आप में संपूर्ण भोजन होता है। दुनिया भर में प्राचीन समय से ही दूध का प्रयोग किया जाता है।

गाय के दूध में पोषण तत्व की अधिकता मिलती है। सभी जानते हैं प्रतिदिन एक गिलास दूध का सेवन शरीर में कैल्शियम की कमी को दूर करता है। दांतों और हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है।

### आइये जानें गाय के दूध में पोषक तत्वों के बारे में:-

गाय का दूध कैल्शियम, पोटेशियम और कोलाइन से भरपूर होता है। दूध के सेवन से दांतों और हड्डियों को मजबूती तो मिलती ही है, इसके अतिरिक्त दूध में कैल्शियम होने के कारण घाव भरने,ब्लड प्रेशर पर नियंत्राण रखने, दिल की धड़कनों और पेशियों की गतिविधियों को सामान्य बनाए रखने में भी मदद मिलती है। दूध में पोटेशियम होने के कारण दिल की बीमारी, उच्च रक्तचाप से बचाता है और हड्डियों का धनत्व भी सामान्य बनाए रखता है। दूध में कोलाइन की मात्रा होने से नींद लाने वाली पेशियां सक्रिय रहती हैं, याददाश्त अच्छी रहती है और कुछ नया सीखने की क्षमता बढ़ती है।

### बच्चों के लिए गाय का दूध कितना लाभप्रदः-

**शारीरिक विकासः-** गाय के दूध में सभी जरूरी प्रोटीन होने के कारण शरीर के विकास में मदद करता है। शरीर में ऊर्जा भी मिलती है। बच्चों की हड्डियां और दांत मजबूत होते हैं। इसलिए बच्चों को बढ़ती उम्र में दूध नियमित देना चाहिए।

**मांसपेशियों का निर्माण:-** डेयरी प्रोटीन मांसपेशियों के विकास और अंदरूनी टूटफूट की मरम्मत के लिए जरूरी हैं इसलिए दूध का नियमित सेवन अनिवार्य है। शरीर में मेटाबालिज्म को सामान्य बनाए रखने के लिए पेशियों का विकास जरूरी है। मेटाबालिज्म सामान्य बना रहे इसलिए दूध का नियमित सेवन जरूरी है।

**अच्छी नींद:-** बच्चे अगर रात्रि में सोने से पहले एक गिलास गुनगुना दूध पीकर सोएं तो उन्हें अच्छी नींद आएगी।

**दिमाग को दुरूस्त रखता है:-** गाय के दूध में विटामिन बी की पर्याप्त मात्रा होने से दिमाग की तंत्रिकाएं सामान्य बनी रहती हैं और सोने जागने का चक्र भी ठीक रहता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है:-**

दूध में ऐंटीआक्सीडेंट होने के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। दूध के नियमित सेवन से शरीर से हानिकारक फ्री रैडिकल्स बाहर निकलने में सहायता मिलती है इसी कारण शरीर बीमारियों से दूर रहता है।

**त्वचा चमकदार बनती है:-** नियमित दूध के सेवन से त्वचा चमकदार और मुलायम बनती है। नहाने से पहले नियमित रूप से शरीर पर दूध से मालिश की जाए तो रंगत में भी सुधार आता है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर दूध त्वचा को झुर्रियों से भी बचाता है।

कभी कभी दूध से एलर्जी होने पर दूध का सेवन नुकसान भी पहुंचाता है। जैसे पेट फूलना, डायरिया आदि। ऐसे में दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। एंटीबायोटिक अगर आप ले रहे हैं तब भी दूध के सेवन से बचना चाहिए। (स्वा.द.)

# स्वास्थ्य के लिए अनमोल है सरसों का तेल

पूनम दिनकर

सरसों का तेल एक उत्तम खाद्य पदार्थ माना जाता है। इसका प्रयोग भारत के सभी प्रांतों में लगभग किया ही जाता है। आयुर्वेद शास्त्रा में सरसों के तेल को सभी तेलों से उत्तम माना जाता है। सरसों के साग को लोग चाव से खाते हैं। पीला सरसों मसाले से लेकर औषधि के उपयोग तक में अहं भूमिका को निभाने वाला हुआ करता है। सरसों के तेल में कालेस्ट्राल का स्तर कम होने के कारण हृदय रोगों में भी लाभदायक बताया जाता है।



आज के समय में लोगों में सरसों तेल के प्रति विमुखता आने लगी है। इसका प्रयोग भोजन में तो किसी तरह से कर लिया जाता है किन्तु शारीरिक प्रयोग के लिए इसे छुआ तक नहीं जा रहा है। प्राचीन काल में सरसों के तेल का प्रयोग करके अधिकतर स्वस्थ रहने की कामना ही जाती थी। आज के समय में सुगंधित तेलों का मकड़जाल इतना अधिक फैल गया है कि सरसों का तेल मानस पटल से विलुप्त ही होने लग गया। आयुर्वेद के ग्रंथों के अनुसार सरसों तेल की उपयोगिता इस प्रकार है-

- हाथों में खुश्की हो जाने पर या खुरदरापन होने की स्थिति में सरसों के तेल से हल्की-हल्की मालिश करते रहने से उसकी खुश्की एवं खुरदरापन दूर हो जाता है तथा हाथों की त्वचा मुलायम हो जाती है।
- शीतऋतु में धूप में बैठ कर सभी उम्र के लोगों को तेल की मालिश करनी चाहिए। शिशुओं को धूप में लिटाकर सरसों तेल की मालिश करने से उनकी थकान दूर होती है, नींद अच्छी आती है तथा शरीर के दर्द से राहत मिलती है।
- सरसों के तेल में कपूर मिलाकर कमर, पसलियों, छाती एवं सीने पर मालिश करने से सभी स्थानों के दर्द से मुक्ति मिलती है।
- बेसन में सरसों का तेल मिलाकर उबटन की तरह त्वचा पर मलने से त्वचा गोरी हो जाती है तथा उसमें कमल के समान ताजगी आ जाती है।
- सरसों के तेल में मधु (शहद) मिलाकर दांतों एवं मसूड़ों पर हल्के-हल्के मलते रहने से मसूड़ों के सभी रोग भाग जाते हैं तथा दांत भी मजबूत होते हैं।
- जुकाम होने पर या नाक के बंद होने पर दो बूंद सरसों का तेल नाक के छेदों में डालकर सांस जोर से खींचने पर बन्द नाक खुल जाती है और जुकाम में भी राहत मिलती है।
- सरसों का तेल वातनाशक एवं गर्म होता है। इसी कारण शीतऋतु में वातजन्य दर्द को दूर करने के लिए इस तेल की मालिश करनी चाहिए। जोड़ों का दर्द, मांसपेशियों का दर्द, गठिया, छाती का दर्द, ब्रोकाइटिस आदि की पीड़ा भी सरसों के तेल की मालिश से दूर हो जाती है।
- सरसों के तेल में सेंधा नमक मिलाकर सुबह-शाम दांतों पर मलने से दांतों से खून आना, मसूड़ों की सूजन, दांतों के दर्द में आराम पहुंचता है। साथ ही दांत चमकीले व मजबूत भी बनते हैं।
- पैरों के तलवों एवं अंगूठों में सरसों का तेल लगाते रहने से नेत्र-ज्योति बढ़ती है। रात को हाथ-पांवों में तेल लगाकर सोने से मच्छर नहीं काटते हैं तथा नींद भी अच्छी आती है। बालों में सरसों का तेल लगाते रहने से बाल मजबूत होते हैं, सफेद हीं होते तथा सिर दर्द भी नहीं होता।
- शीत ऋतु में पैरों की अंगुलियों में सूजन आ जाती हैं तो ऐसी अवस्था में सरसों के तेल में थोड़ा-सा पिसा हुआ सेंधा नमक मिलाकर गर्म कर लें। ठण्डा होने पर अंगुलियों पर लेप लगाकर रात में सो जायें। कुछ नहीं दिनों में आराम दिखाई देगा।
- स्नान से पूर्व नित्य नाभि में दो बूंद सरसों का तेल टपकाते रहने से पेट से संबंधित अनेक बीमारियां नहीं होती हैं, साथ ही पाचन क्रिया अच्छी बनी रहती है।
- आग से पक जाने के बाद तुरन्त सरसों का तेल लगा लेने से वहां फफोला नहीं होता। लिंग एवं योनि के भीतरी भाग में सरसों का तेल लगाकर संभोग करने से अनेक सेक्सुअल बीमारियों से बचा जा सकता है। औषधि प्रयोग के लिए हमेशा शुद्ध तेल का ही प्रयोग हितकर होता है।
- लोहे की वस्तुओं पर सरसों का तेल लगा देने से जंग का खतरा नहीं रहता है। नींबू के छिलकों में सरसों का तेल लगाकर पीतल के बर्तन मलने से उसकी चमक बढ़ जाती है। (स्वा.द.)

# सीमित मात्रा में ही करें नमक का सेवन

अशोक गुप्त



नमक प्राचीनकाल से भोजन के स्वाद को बढ़ाने हेतु प्रयोग किया जाता रहा है। पुरानी पीढ़ी नमकीन, भुजिया, समोसे, पकौड़े, पूड़ियों व कचैड़ियों का आनन्द लिया करती थी तो नई पीढ़ी पिज़ा, बर्गर, वेफर्स, व नूडल्स की दीवानी है।

भोज्य पदार्थ चाहे नये हों या पुराने, नमक के बिना तो उनकी कल्पना ही नहीं की जा सकती। मीठा खाए बिना रहना उतना कठिन नहीं है जितना नमक खाए बिना रहना है किन्तु नमक के अधिक उपयोग को उच्च रक्तचाप के मरीज़ों हेतु हानिकारक माना जाता है, इसलिए डॉक्टर उच्च रक्तचाप के मरीजों को नमक कम मात्रा में खाने की सलाह देते आए हैं।

अब नवीन शोधों से पता चला है कि उच्च रक्तचाप के कुछ रोगी ऐसे भी होते हैं जिन्हें नमक कम या अधिक खाने से कोई अन्तर नहीं पड़ता। नमक कम करने से भी उनके रक्तचाप में कोई कमी नहीं आती। यह जानने के लिए कि आपका रक्तचाप किस श्रेणी में है, आप चार सप्ताह हेतु नमक कम खाकर देखें। यदि आपका रक्तचाप कम होता है तो आप उस श्रेणी में हैं जिन्हें अधिक नमक लेने से कठिनाई हो सकती है।

आप किसी भी श्रेणी में हों, आपके लिए नमक सीमित मात्रा में खाना ही उचित होगा। इस हेतु आप कुछ उपाय अपना कर नमक की मात्रा पर काबू पा सकते हैं।

भोजन के साथ कुछ मात्रा में नमक लेना तो आवश्यक है किन्तु यदि आप अतिरिक्त नमक डालकर खाने के आदी हैं तो आप इस आदत को छोड़ने का प्रयास करें।

भोजन के साथ दाल व सब्जियों को सीमित मात्रा में ही खायें।

अचार, चटनी, पापड़ व सास का सेवन न करें। यदि छोड़ न सकें तो घर पर बनी कम नमक वाली चटनी ही खायें।

बाजार के पापकार्न, वेफर्स, नमकीन, दालमोठ, गोलगप्पे आदि का सेवन न करें।

बाजारी मक्खन, चीज़, पेस्ट्री, केक व आइसक्रीम में भी काफी मात्रा में सोडियम होता है, अतः इन्हें भी अपनी दैनिक दिनचर्या से निकाल दें।

यदि आप मांसाहारी भोजन के शौकीन हैं तो सासेज, बेकन, डिब्बाबंद मांस या मछली न खायें।

ताजे.फल आपके लिए लाभदायक हैं किन्तु डिब्बाबंद जूस और फलों में काफी सोडियम होता है।

सलाद का सेवन लाभदायक है किन्तु सलाद पर केवल नींबू डाल कर खायें। नमक या कोई बाजारू सलाद ड्रेसिंग न डालें।

ये छोटे-छोटे उपाय अपना कर आप अपने रक्तचाप को काबू में रख सकते हैं और इस सुप्त दानव के खतरों से बच सकते हैं।(स्वा.द.)

# बाथरूम से भी फैल सकता है संक्रमण

परमानन्द परम



चमकदार टाइल्स युक्त बाथरूम स्वच्छ प्रतीत होता है। आप उसे चाहे कितना भी रगड़कर साफ क्यों न करें, फिर भी वह स्थान जीवाणुओं से भरा ही रहता है। यदि बाथरूम की सतहों तथा अन्य वस्तुओं को पोंछकर झाड़न में लगने वाली गन्दगी सूक्ष्मदर्शी द्वारा जांच की जाए तो बहुत बड़ी संख्या में बैक्टीरिया के समूह दिखाई पड़ेंगे।

बाथरूम का प्रयोग घर के प्रत्येक सदस्य द्वारा किया जाता है। अतः संक्रमण की सबसे अधिक संभावना यहीं होती है। पेट खराब होने (दस्त) की बीमारी फीसल-ओरल संक्रमण के कारण होती है, अतः व्यक्तिगत सफाई विशेषकर हाथों की सफाई बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। टॉयलेट प्रयोग करने के बाद हाथों को उचित ढंग से धोना बहुत महत्वपूर्ण होता है। हाथों को रगड़ना, हथेली को हथेली से रगड़ना, अंगुलियों के बीच में रगड़ना हाथों के पीछे मलना आदि का कार्य करीब 15 सेकेण्ड में पूरा होना चाहिए। बीमारी को रोकने या फैलने से रोकने के लिए टायलेट संबंधी अच्छी आदतें, टायलेट का रख रखाव एवं स्वच्छता अत्यंत ही आवश्यक है। टायलेट में साबुन का प्रयोग करने के बाद उसे धोकर साबुनदानी में ही रख देना चाहिए। फीसल बैक्टीरिया पानी में आसानी से फैलता है, अतः साबुन की टिकिया को पानी में नहीं छोड़ना चाहिए। पानी छन जाने वाली साबुनदानी का ही प्रयोग करना चाहिए। साबुन की टिकिया फीसल (मल संबंधी) बैक्टीरिया से प्रदूषित हो सकती है इसीलिए जहां तक संभव हो प्रदूषण को रोकने के लिए तरल साबुन का ही प्रयोग करना चाहिए।

एक तौलिए का कई लोगों द्वारा प्रयोग ठीक नहीं होता क्योंकि कंजक्टिवाइटिस, स्टाइ, स्कैबीज एवं फंगस-संक्रमण संक्रमित तौलियों के सेवन से ही फैलते हैं। तौलिये को रोज अथवा भीगने या गंदे होने पर बदल देना चाहिए। डिस्पोजेबल पेपर टावेल, सार्वजनिक स्थानों पर विशेषकर सुरक्षित माने जाते हैं। कपड़े के सभी प्रकार के तौलियों को बार-बार धोना आवश्यक होता है। हैण्ड ड्रायर भी कपड़ों को सुखाने के लिए उपयोगी होता है किन्तु यह बैक्टीरिया को फैला देता है।

टॉयलेट को साफ करने के लिए स्पंज या स्क्रब ब्रश का प्रयोग किया जाता है। लगातार भीगे रहने वाले स्पंज में बैक्टीरिया और फंगी इतनी अधिक संख्या में प्रजनन कर देते हैं जो संक्रमण के लिए पर्याप्त होते हैं। प्रयोग के बाद इसे ठीक प्रकार से धोकर टांगना या किसी खुले कंटेनर में रखना चाहिए। धब्बेदार या भूरे हो जाने पर इन्हें फेंक देना चाहिए।

बाथरूम के फर्श को रोज पोंछना और सप्ताह में एक-बार रगड़कर धोना चाहिए। मैट्स एवं गलीचों के भीग जाने पर उन्हें ठीक प्रकार से सुखाएं एवं गंदा हो जाने पर इन्हें धो देना चाहिए। बाथटब एवं उसके आसपास के क्षेत्रा को पोंछते रहें तथा महीने में एक बार टाइल्स के जोड़ों को अवश्य ही साफ करना चाहिए।

मल को फ्लश करते समय बाउल के ढक्कन को अवश्य ढक दें क्योंकि स्प्रे से मल के बैक्टीरिया हवा में उड़कर टूथब्रश, टावल जैसी चीजों पर जाकर जमा हो सकते हैं। टायलेट बाउल और सीट, ढक्कन और बाहरी सतह को किसी अच्छे टायलेट क्लीनर से साफ करना चाहिए।

टायलेट सीट पर बैठने से पहले इस पर पेपर टावेल या टिश्यूपेपर बिछा दें। जहां यह सुविधा न हो, वहां महिलाएं यूरिनेशन के लिए आधा बैठें। गंदी टायलट सीटों के प्रदूषण से बचने के लिए उकडूं बैठने वाली सीटों का ही प्रयोग करना चाहिए।

दूसरों के टूथब्रश का प्रयोग कतई न करें। दूसरों के टूथब्रश से मुंह में संक्रमण की फैलने की संभावना बनी रहती है। टूथब्रश को काक्रोचों से बचाने के लिए ढककर रखना चाहिए। काक्रोचों के मल से 'गैस्ट्रोइन्ट्राइटिस' होने की संभावना बनी रहती है। प्लग होल में फंसे किसी भी प्रकार के कचरे, बाल इत्यादि को निकाल देना चाहिए ताकि बाथरूम में पानी रूकने न पाये। टायलेट एवं बाथरूम की स्वच्छता से स्वास्थ्य का घनिष्ठ संबंध है। स्वच्छता के प्रति लापरवाही हमें अस्वस्थ बना सकती है। (स्वा.द.)

# उत्तर भारत में लू का प्रकोप तेज, राजस्थान के श्री गंगानगर में तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज



**नयी दिल्ली :** उत्तर भारत बुधवार को भी भीषण गर्मी की चपेट में रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार राजस्थान के श्री गंगानगर में देश का सर्वाधिक तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर लू की स्थिति घोषित की जाती है, जबकि 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान को भीषण लू की श्रेणी में रखा जाता है। श्रीगंगानगर में दर्ज तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री अधिक रहा, जबकि राजस्थान के कई अन्य क्षेत्रों में तापमान 46 से 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। राज्य में पिलानी 47 डिग्री सेल्सियस के साथ दूसरा सबसे गर्म स्थान रहा, इसके बाद बीकानेर 46.6 डिग्री, चिरू और जैसलमेर 46.4 डिग्री, फलोदी 46.2 डिग्री और कोटा में तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर प्रदेश में, बांदा जिला 47.8 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, इसके बाद प्रयागराज 46.4 डिग्री, झांसी 46 डिग्री, ओराई 45.6 डिग्री और देवमाली में तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा, दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले दिन की तुलना में मामूली राहत मिली, हालांकि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। नागपुर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। पिछले तीन दिनों में विभिन्न स्थानों पर 17 लोगों की मौत हुई है। पुलिस को संदेह है कि भीषण गर्मी ही मौत का संभावित कारण है। इस बीच, देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तराखंड के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें अगले कुछ दिनों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा चलने की आशंका जताई गई है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 28 मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन क्षेत्रों में बिजली कड़कने, ओलावृष्टि और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है, जिनकी गति 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। राज्य के शेष जिलों में भी बिजली कड़कने और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। वहीं, ओडिशा के कई हिस्सों में बुधवार को भीषण गर्मी से राहत मिली, जहां आंधी के साथ बारिश हुई। हालांकि, राज्य के 12 शहरों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दोपहर और शाम के दौरान भुवनेश्वर, कटक, राउरकेला, बोनाई, भद्रक, जाजपुर, बौध, क्योंझर, बालासोर और राज्य के कुछ अन्य स्थानों पर आंधी के साथ बारिश हुई। अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को ओडिशा के दक्षिणी तटीय, उत्तरी तटीय और आसपास के तटीय जिलों में बारिश के साथ बिजली कड़कने की संभावना है।

## विजयन के आवास के बाहर ईडी अधिकारियों के वाहन पर हमला

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आवास के बाहर बुधवार को उस समय हिंसा भड़क उठी, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी छापेमारी की कार्रवाई पूरी कर परिसर से बाहर निकल रहे थे। विजयन के आवास के बाहर कथित तौर पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं ने कम से कम तीन वाहनों पर हमला किया, जिनमें ईडी के अधिकारियों को ले जा रहा वाहन भी शामिल था। इस दौरान पुलिस हिंसक भीड़ को रोकने में विफल रही। समाचार चैनलों पर प्रसारित दृश्यों के अनुसार माकपा के कथित कार्यकर्ता और पार्टी के सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता विजयन के किराए के घर के बाहर जमा हुए और उन्होंने छापेमारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। जैसे ही छापेमारी में शामिल ईडी के अधिकारी और केंद्रीय सुरक्षाकर्मी विजयन के घर से निकले, प्रदर्शनकारियों ने उनके वाहनों को घेरकर रास्ता रोक दिया और उन पर पत्थर व ईंटें फेंकनी शुरू कर दीं। इससे गाड़ियों के शीशे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बड़ी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वाहनों पर लातें मारीं, खिड़कियों और शीशे पर मुक्के मारे और डंडे बरसाए तथा उन पर अंडे भी फेंके।

# तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली/चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद इस महीने की शुरुआत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद विजय की प्रधानमंत्री से यह पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।'' राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री विजय ने प्रधानमंत्री मोदी से मेकेदातु बांध मुद्दा, मछुआरों की गिरफ्तारी और तमिल प्रार्थना गीत विवाद सहित राज्य से संबंधित अन्य मामलों पर चर्चा की। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कावेरी नदी पर मेकेदातु बांध परियोजना के लिए कर्नाटक द्वारा भूमि पूजन समारोह की घोषणा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण (सीडब्ल्यूडीटी) के अंतिम निर्णय और उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ है। बैठक के दौरान, विजय ने प्रधानमंत्री से तमिलनाडु के मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने का भी आग्रह किया।

# महिलाओं के सशक्तीकरण में शिक्षा की अहम भूमिका है : राष्ट्रपति मुर्मू



**गंगटोक :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि शिक्षा महिलाओं के सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है और छात्राएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। सिक्किम विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पदक विजेताओं में छात्राओं का वर्चस्व महिला सशक्तीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पदक प्राप्त करने वालों में 70 प्रतिशत छात्राएं हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की है। मुर्मू ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों से अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखने, दूसरों के अनुभवों से सीखने और सहयोग की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं को 'विकसित भारत' के निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए।सिक्किम की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण की सराहना करते हुए मुर्मू ने विश्वविद्यालय से पूर्वोत्तर की संस्कृति और लुप्तप्राय भाषाओं के संरक्षण की दिशा में कार्य जारी रखने का आग्रह किया। समारोह में 13,782 उपाधियां प्रदान की गईं, जबकि 285 विद्यार्थियों को स्वर्ण और रजत पदक दिए गए।

## दिल्ली सरकार ने रोहिणी और द्वारका मेट्रो स्टेशन के नाम बदले

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने राजधानी में कुछ मेट्रो स्टेशनों और सार्वजनिक परिसरों के नाम बदलने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में हुई राज्य नामकरण प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया।सरकार के अनुसार, 'रोहिणी पश्चिम' मेट्रो स्टेशन का नया नाम अब 'डॉ. बाबा साहब आंबेडकर अस्पताल मेट्रो स्टेशन' होगा। वहीं 'द्वारका' मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर 'द्वारका-काकरोला मेट्रो स्टेशन' किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा और बेहतर पहचान के लिए 'रोहिणी पूर्व' मेट्रो स्टेशन का नाम अब सिर्फ 'रोहिणी मेट्रो स्टेशन' रखा गया है। इसके अलावा, रोहिणी के बेगमपुर में निर्माणाधीन खेल परिसर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर 'अटल खेल परिसर' रखा जाएगा। परिसर में वाजपेयी की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।बैठक में ज्वालापुरी में बन रहे अस्पताल का नाम बदलकर 'बाबा रामदेवजी महाराज अस्पताल' करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

## नीट प्रश्नपत्र लीक मामला: दो आरोपियों को पांच दिन के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजा गया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार लातूर के एक बाल रोग विशेषज्ञ और भौतिकी (फिजिक्स) के एक शिक्षक को बुधवार को पांच दिन के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेज दिया और कहा कि बड़ी साजिश उजागर करने के लिए हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। विशेष न्यायाधीश विद्या प्रकाश ने सीबीआई की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें दोनों आरोपियों- डॉ. मनोज भगवानराव शिरुरे तथा भौतिकी शिक्षक तेजस हर्षदकुमार शाह से पांच दिन और पूछताछ की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था।

# अल फलाह के संस्थापक के खिलाफ 46 करोड़ रुपये की जमीन कब्जाने के मामले में आरोप पत्र दायर



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 46 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन के कथित फर्जी अधिग्रहण से जुड़े धनशोधन के मामले में अल-फलाह विश्वविद्यालय के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी और तीन अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। यह विश्वविद्यालय पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद सफेदपोश आतंकवाद के खिलाफ हुई जांच के दायरे में आया था। विस्फोट में 15 लोगों की मौत हुई थी। ईडी ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि सिद्दीकी, उनके द्वारा प्रवर्तित तरबिया एजुकेशन फाउंडेशन और विनोद कुमार तथा श्रीओम चौहान नामक दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ साकेत स्थित विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में अभियोजन शिकायत दायर की गई है। ईडी ने कथित फर्जी भूमि अधिग्रहण मामले में सिद्दीकी, कुमार और चौहान को गिरफ्तार भी किया था। एजेंसी ने बताया कि दिल्ली पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की गई थी। यह प्राथमिकी दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर में स्थित जमीन के कथित फर्जी अधिग्रहण से संबंधित थीं, जिसमें कथित तौर पर जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज, सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी (जीपीए) और अन्य स्वामित्व पत्र इस्तेमाल किए गए थे।

## नितिन गडकरी ने मनाया 69वां जन्मदिन, प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



**नागपुर :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को अपना 69वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सैकड़ों शुभचिंतक, भाजपा कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों के लोग उन्हें बधाई देने नागपुर स्थित उनके आवास पहुंचे। सुबह से ही गडकरी के घर पर लोगों का तांता लगा रहा।भाजपा के वरिष्ठ नेता और नागपुर से लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए गडकरी ने समर्थकों का अभिवादन किया और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर संदेश जारी कर गडकरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गडकरी देश में आधुनिक बुनियादी ढांचे और बेहतर संपर्क व्यवस्था विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी गडकरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## भीषण हादसे में एक ही परिवार की सात साल की बच्ची समेत तीन की मौत, पांच घायल

**रायबरेली :** गंगा एक्सप्रेस-वे पर सलोन थाना क्षेत्र के मिरजहांपुर गांव के पास मंगलवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, दिल्ली से जौनपुर जा रही स्कॉर्पियो सड़क पार कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सरोज सिंह (55), संगीता सिंह (22) और सात वर्षीय समृद्धि की मौत हो गई। घायलों को पहले संग्रामगढ़ सीएचसी और बाद में एम्स रायबरेली रेफर किया गया। थाना प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

## आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट मामला: ईडी ने असम और दिल्ली में रात भर तलाशी अभियान चलाया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत असम और दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने बुधवार को बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गुवाहाटी, तिनसुकिया और नयी दिल्ली में 26 मई की देर रात तलाशी अभियान शुरू किया गया, जो रात भर जारी रहा।यह मामला गुवाहाटी अपराध शाखा द्वारा दीपेश बाजोरिया, रौनक बाजोरिया, राजेश जैन और अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। ईडी ने बाद में तिनसुकिया में दर्ज दो अन्य मामलों को भी जांच में शामिल किया।एजेंसी के अनुसार, आरोपी व्हाट्सएप, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम जैसे एन्क्रिप्टेड मंचों तथा ऑफशोर ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के जरिए आईपीएल मैचों पर अवैध सट्टा चला रहे थे।तलाशी के दौरान गुवाहाटी स्थित 'रॉयसी' नामक व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर भी छापा मारा गया। ईडी ने 13 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की है। इसके अलावा एक मर्सिडीज-बेंज, एमजी हेक्टर और टोयोटा फॉर्च्यूनर वाहन भी जब्त किए गए हैं।

## न्यायालय ने कक्षा 9 के छात्रों के लिए सीबीएसई के तीन-भाषा नियम पर केंद्र, एनसीईआरटी से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सीबीएसई की उस नई भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें कक्षा 9 के छात्रों के लिए भारत की कम से कम दो मूल भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया गया है।प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार, सीबीएसई और एनसीईआरटी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से यह भी पूछा कि नई नीति लागू करने के लिए क्या व्यवस्थाएं की गई हैं। मामले की अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह में होगी।याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और कपिल सिब्बल ने दलील दी कि भाषा व्यक्तिगत पसंद का विषय है और इसे छात्रों पर थोपा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि यह मामला संघीय ढांचे और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा है।हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने फिलहाल कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। सीबीएसई के हालिया परिपत्र के अनुसार, एक जुलाई से कक्षा 9 के छात्रों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य होगा।

# सीबीआई ने त्विषा के पति समर्थ सिंह को हिरासत में लिया, उसे उसके घर ले गयी



**भोपाल :** भोपाल की एक अदालत ने माडल से अभिनेत्री बनी त्विषा शर्मा के पति समर्थ सिंह को बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद सीबीआई ने उसके घर ले जाकर उससे पूछताछ की। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने समर्थ सिंह की मां और सेवानिवृत्त न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। त्विषा शर्मा राजधानी भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में 12 मई को अपने ससुराल में कथित तौर पर फांसी पर लटकी मिली थी। सीबीआई ने सोमवार शर्मा की मौत की जांच अपने हाथों में ले ली थी। सीबीआई ने मामले को हाथ में लेने के बाद फिर से प्राथमिकी दर्ज की है, जिसमें समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह को आरोपी के रूप में दिखाया गया है। त्विषा के परिजनों के वकील अंकुर पांडे ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा कि समर्थ को मध्यप्रदेश पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जबलपुर से गिरफ्तार किया था और फिर उसे भोपाल लाया था, जहां उसे मजिस्ट्रेट अदालत ने सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। उन्होंने कहा कि चूंकि जांच सीबीआई को सौंप दी गयी है, इसलिए एसआईटी को अब समर्थ सिंह की हिरासत की आवश्यकता नहीं है, ऐसे में आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां ब्यूरो ने उसकी रिमांड की मांग की। समर्थ सिंह पेशे से वकील है। पांडे ने कहा कि अदालत ने समर्थ को सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि चूंकि आरोपी की हिरासत और सभी संबंधित दस्तावेज अब सीबीआई को सौंप दिए गए हैं, इसलिए मामले में आगे की जांच केंद्रीय एजेंसी द्वारा की जाएगी। उन्होंने मजिस्ट्रेट की अदालत में हुई आज की कार्यवाही महज एक औपचारिकता बताया और कहा कि इससे आगे कोई भी कानूनी कार्यवाही संबंधित सीबीआई अदालत में होगी।

# भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में समुद्री डकैती के प्रयास को किया नाकाम



**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत 'आईएनएस कोलकाता' ने समय पर हस्तक्षेप करते हुए पश्चिमी हिंद महासागर में समुद्री डकैती के प्रयास को विफल कर दिया, जिससे एक व्यापारिक पोत की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना इस सप्ताह की शुरुआत में हुई थी और नौसेना क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा और समुद्री डकैती का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय नौसेना ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पश्चिमी हिंद महासागर में व्यापारिक पोत 'एमवी माशाल्लाह 1' के पास समुद्री लुटेरों की गतिविधि की सूचना मिलते ही, आईएनएस कोलकाता ने तुरंत कार्रवाई करते हुए खतरे का पता लगाया और रोकथाम की। समय पर की गई कार्रवाई ने व्यापारिक पोत की सुरक्षा सुनिश्चित की और समुद्री लुटेरों के संभावित हमले को रोका।'' नौसेना ने कहा, ''क्षेत्र में एक प्रमुख सुरक्षा साझेदार के रूप में भारतीय नौसेना व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा, समुद्री डकैती का मुकाबला करने और सुरक्षित समुद्र सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

# मणिपुर जातीय हिंसा मामले की सुनवाई में तेजी लाने की जरूरत : उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि 2023 के मणिपुर जातीय हिंसा मामले में चल रहे मुकदमे में तेजी लाने की जरूरत है और अधिकारियों से वस्तु स्थिति रिपोर्ट मांगी। मणिपुर में 3 मई 2025 को पहाड़ी जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के बाद जातीय हिंसा हुई थी। यह विरोध-प्रदर्शन मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के खिलाफ हुआ था। हिंसा में 260 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग विस्थापित हुए। बुधवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने गौर किया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट के अनुसार, 400 से अधिक आरोपियों के खिलाफ 207 मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। पीठ गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा दो आरोपियों, अरुण खुंडोंगबम और नामिरकपम किरण मेइती को जमानत दिए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई कर रही है। उन पर पीड़िताओं के साथ सामूहिक बलात्कार करने और उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाने का आरोप है। न्यायालय ने कहा, ''हमारा मानना है कि मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाने की आवश्यकता है। हमने सीबीआई और अन्य एजेंसियों से पीड़ितों की सहायता के लिए मणिपुरी भाषा में पारंगत कानूनी सलाहकारों को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। मौजूदा मुकदमे की वस्तु स्थिति अगली सुनवाई में दर्ज की जानी चाहिए।'' सुनवाई की शुरुआत में पीठ ने कहा कि यह मामला पीड़ितों के परिवारों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के मुद्दे पर सुनवाई के लिए है और वह अन्य मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी। सीबीआई की रिपोर्ट का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि 20 मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं और 16 मामलों में सुनवाई शुरू हो चुकी है जबकि एसआईटी की वस्तु स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, 400 से अधिक आरोपियों के खिलाफ 207 मामलों में आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। पीठ ने यह भी कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी दत्तात्रेय पडसालगीकर द्वारा दाखिल रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष 7 और 18 अप्रैल को राज्य में हिंसा की कुछ घटनाएं होने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति ''नाजुक'' हो गई थी। पीठ ने यह भी कहा कि पीड़ितों का व्यवस्था पर भरोसा अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके साथ ''विश्वास बढ़ाने के उपाय'' आवश्यक हैं।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और विस्फोटक बरामद

**इंफाल :** मणिपुर के विभिन्न जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया तथा हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, एक उग्रवादी को सोमवार को इंफाल पश्चिम जिले के काकवा लिलांडो लम्पाक क्षेत्र से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक स्व-घोषित कैप्टन को उसी दिन इंफाल पूर्व जिले के कियामगेउ स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और एनआरएफएम के दो सक्रिय सदस्यों को रविवार को थौबल जिले के मयाई केइतेल से पकड़ा गया। मंगलवार को सुरक्षा बलों ने उखरूल जिले में तीन अवैध बंकरों को नष्ट किया तथा पांच किलोग्राम इम्प्रोवाइज्ड विस्फोटक उपकरण और दो स्थानीय रूप से बने बंदूक जैसे हथियार बरामद किए। एक अन्य अभियान में चुराचांदपुर जिले के हेंगकोट गांव के वन क्षेत्र से छह राइफलें, मैगजीन और विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए।

# सरकार ने लड़ाकू विमानों के निर्माण के लिए एएमसीए परियोजना में चयन प्रक्रिया शुरू की




**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने देश के महत्वाकांक्षी अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' (एएमसीए) परियोजना के लिए निजी क्षेत्र के भागीदारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस परियोजना को भारत का सबसे बड़ा स्वदेशी एयरोस्पेस कार्यक्रम माना जा रहा है। सरकार ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स, लार्सन एंड टुब्रो और भारत फोर्ज को अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) जारी किए हैं। लार्सन एंड टुब्रो ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की है, जबकि भारत फोर्ज ने बीईएमएल के साथ समझौता किया है। सूत्रों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इस चयन प्रक्रिया से बाहर रखा गया है।भारत अपनी वायु शक्ति को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक स्टील्थ तकनीक से लैस मध्यम वजन के लड़ाकू विमान विकसित करने पर जोर दे रहा है। एएमसीए को स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के साथ भारतीय वायुसेना की भविष्य की रीढ़ माना जा रहा है।सूत्रों के अनुसार, कंपनियों से प्रस्ताव मिलने के बाद चयन प्रक्रिया अगले चार से पांच महीनों में पूरी हो सकती है। चयनित निजी कंपनी रक्षा मंत्रालय के अधीन वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) के साथ मिलकर विमान के प्रोटोटाइप विकसित करेगी। सरकार इस परियोजना के तहत एएमसीए के पांच प्रोटोटाइप तैयार करने की योजना बना रही है। भारतीय वायुसेना लंबे समय से इस परियोजना को आगे बढ़ाने पर जोर दे रही है और साथ ही 114 बहुउद्देशीय लड़ाकू विमानों की खरीद प्रक्रिया भी जारी है।

## सैन फ्रांसिस्को जाने वाला एअर इंडिया का विमान तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौटा

**नयी दिल्ली :** एअर इंडिया की दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रही उड़ान बुधवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण आठ घंटे से अधिक समय तक हवा में रहने के बाद वापस दिल्ली लौट आई। विमान में करीब 230 यात्री सवार थे। एयरलाइन के अनुसार, उड़ान संख्या एआई173 ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित लैंडिंग की और अब विमान की तकनीकी जांच की जाएगी। फ्लाइटरडार24 के अनुसार, बोइंग 777-300 ईआर विमान चीन के हवाई क्षेत्र में तीन घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने के बाद वापस लौटा। एअर इंडिया ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताते हुए कहा कि उन्हें जल्द गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। यात्रियों को होटल में ठहरने, जलपान और यात्रा पुनर्निर्धारण जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**Office of the Executive Officer**
**Daspur-II Panchayat Samity**
**Sonakhali : : Paschim Medinipur**
NOTICE INVITING E-TENDER
**e-NIT No: WBPMID/DASP2/EO/NIT-01(26-27), Tender no. T-01 to T-02/26-27)**
The Executive Officer, Daspur-II Panchayat Samity, invites e-Tender for 02 nos. work under Daspur-II PS. Intending Bidders may access detailed information & respond from e-procurement portal of Government of West Bengal at https://tenders.wb.gov.in Bid submission start date (online) : 27/05/2026 from 11:00 AM onwards. Bid submission last date (online) : 02/06/2026 till 06:55 PM.
Sd/- Executive Officer
Daspur-II Panchayat Samity
Sonakhali, Paschim Medinipur

**Office of the Executive Officer**
**Daspur-II Panchayat Samity**
**Sonakhali : : Paschim Medinipur**
NOTICE INVITING E-TENDER (3rd Call)
**e-NIT No: WBPMID/DASP2/EO/NIT-02(26-27), Tender no. T-01/26-27)**
The Executive Officer, Daspur-II Panchayat Samity, invites e-Tender for 01 no. work under Daspur-II PS, Intending Bidders may access detailed information & respond from e-procurement portal of Government of West Bengal at https://tenders.wb.gov.in Bid submission start date (online) : 27/05/2026 from 11:00 AM onwards. Bid submission last date (online) : 02/06/2026 till 06:55 PM.
Sd/- Executive Officer
Daspur-II Panchayat Samity
Sonakhali, Paschim Medinipur

## सोना 1,100 रुपये गिरकर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी टूटी

**नयी दिल्ली :** कमजोर वैश्विक संकेतों और मजबूत डॉलर के दबाव में बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये टूटकर 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 3,300 रुपये गिरकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान तनाव और दक्षिणी ईरान में अमेरिकी हमलों के बाद सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे कीमती धातुओं पर दबाव बना। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने कहा कि ऊंची महंगाई और फेडरल रिजर्व की सख्त मौद्रिक नीति जारी रहने की आशंका भी सोने-चांदी के लिए नकारात्मक है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 1.03 प्रतिशत गिरकर 4,461 डॉलर प्रति औंस और चांदी करीब तीन प्रतिशत टूटकर 74.96 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## हुंदै मोटर इंडिया वाहनों के दाम 12,800 रुपये तक बढ़ाएगी

**नयी दिल्ली :** वाहन बनाने वाली हुंदै मोटर इंडिया लि. ने बुधवार को अपने वाहनों के दाम मॉडल और संस्करण के आधार पर 12,800 रुपये तक बढ़ाने की घोषणा की। कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण कंपनी ने यह कदम उठाया है। हुंदै मोटर ने आठ अप्रैल, 2026 को शेयर बाजार को दी सूचना में कच्चे माल की लागत बढ़ने के कारण अगले महीने से अपने सभी वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, ''मूल्य वृद्धि अधिकतम 12,800 रुपये तक होगी और यह मॉडल और संस्करण के आधार पर अलग-अलग होगी।'' हुंदै ने कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और उच्च परिचालन खर्चों सहित अन्य कारणों से मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। कंपनी ने कहा, ''हालांकि, कंपनी लागत को अनुकूलतम स्तर पर लाने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को कम करने के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन कंपनी इस मामूली मूल्य वृद्धि के माध्यम से बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार में हस्तांतरित करने के लिए मजबूर है।''

# ईंधन की बढ़ती कीमतों, कम मांग के कारण घरेलू उड़ानों में कटौती




**नयी दिल्ली :** एयर इंडिया, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस, विमान ईंधन की ऊंची कीमतों तथा अपेक्षा से कम यात्रा मांग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अपनी घरेलू उड़ानों में अस्थायी रूप से 10 से 22 प्रतिशत की कमी कर रहीं हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिम एशिया में फरवरी के अंत से शुरू हुए संघर्ष के कारण एयरलाइंस को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें ईंधन की बढ़ती कीमतें और हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध शामिल हैं। इन समस्याओं के कारण परिचालन लागत बढ़ गई है। बढ़ती लागतों की वजह से एयर इंडिया, इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी आने वाले महीनों के लिए अपनी घरेलू उड़ानों में कटौती का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने बताया कि एयर इंडिया जून और जुलाई के लिए अपनी घरेलू उड़ानों में 20-22 प्रतिशत की कटौती कर रही है तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस जून के लिए घरेलू सेवाओं में 10 प्रतिशत की कमी कर रही है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों में कटौती का यह प्रतिशत इनकी ग्रीष्मकाल में संबंधित महीनों के दौरान निर्धारित उड़ान कार्यक्रमों के आधार पर तुलना करते हुए दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इंडिगो जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए, घरेलू उड़ानों में 12-15 प्रतिशत की कटौती कर रही है। यह कटौती उन उड़ानों की तुलना में है, जिन्हें ग्रीष्मकाल कार्यक्रम के तहत निर्धारित किया गया था। एयर इंडिया हर सप्ताह लगभग 4,400 उड़ानों का परिचालन करती है, जिनमें करीब 3,600 घरेलू और 800 अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शामिल हैं। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि जून से अगस्त, 2026 के बीच चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में पहले घोषित बदलावों के साथ-साथ कुछ घरेलू मार्गों पर भी अस्थायी रूप से उड़ानों की संख्या घटाई गई है। अधिकारियों के अनुसार, घरेलू उड़ानों में 20-22 प्रतिशत की कमी आएगी। करीब 3,600 साप्ताहिक घरेलू उड़ानों के आधार पर 22 प्रतिशत की कटौती से प्रति सप्ताह 790 से ज्यादा सेवाओं की कटौती होगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''घरेलू उड़ानों की संख्या पर इसका प्रभाव 10 प्रतिशत से कम है।'' यह एयरलाइन हर सप्ताह लगभग 3,000 उड़ानों का परिचालन करती है, जिनमें से करीब 2,400 घरेलू उड़ानें हैं। अधिकारियों ने बताया कि इंडिगो हर सप्ताह लगभग 15,400 उड़ानों का परिचालन करती है, जिनमें से लगभग 13,000 घरेलू उड़ानें हैं। इंडिगो के एक अधिकारी ने कहा कि मांग में आई कमी और मौसमी समायोजन को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने सेवाओं में कटौती की है, जो हर साल जून के मध्य से अगस्त तक किया जाता है।

## गोयल ने कनाडा से दोहरी-डिग्री व्यवस्था शुरू करने का अनुरोध किया



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए कनाडा से दोहरी-डिग्री व्यवस्था शुरू करने का सुझाव दिया है। इसके साथ ही कनाडा की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे गोयल ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए भारत-कनाडा संबंधों में 'राजनीतिक पुनर्संतुलन' का यह उपयुक्त समय है। गोयल ने टोरंटो विश्वविद्यालय के मंक स्कूल ऑफ ग्लोबल अफेयर्स एंड पब्लिक पॉलिसी में अपने संबोधन में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों को ऐसे कार्यक्रमों पर तेजी से काम करना चाहिए, जिनमें छात्र एक साल कनाडा में पढ़ाई कर सकें और फिर भारत लौटकर देश के विकास में योगदान दें। उन्होंने कनाडा के युवाओं को भारत आने और यहां हो रहे विकास कार्यों को करीब से देखने का भी आमंत्रण दिया। दोहरी-डिग्री व्यवस्था के तहत दोनों देशों के विश्वविद्यालय मिलकर ऐसे पाठ्यक्रम चला सकते हैं, जिनमें छात्र आंशिक पढ़ाई भारत और आंशिक कनाडा में करें और उन्हें दोनों संस्थानों से मान्यता-प्राप्त डिग्री या प्रमाणपत्र मिले। इस अवसर पर गोयल ने निवेश आकर्षित करने की अपील करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है और आने वाले दो दशकों तक इस स्थिति को बनाए रखने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत की प्रति व्यक्ति आय को कम-से-कम 20,000 डॉलर तक पहुंचाने का है।

## दिल्ली में 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' इकाई के लिए नया मसौदा जारी

### आठ कमरों की अनुमति का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने आवासीय मकानों में बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) इकाई संचालित करने के लिए नई नीति का मसौदा जारी किया है जिसमें अधिकतम आठ कमरों और 16 बिस्तरों तक की अनुमति देने का प्रस्ताव है। दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग की तरफ से जारी मसौदा प्रस्ताव में गोल्ड और सिल्वर के रूप में दो श्रेणियां रखने की बात कही गई है। नाश्ता सहित ठहरने की सुविधा देने वाली इन इकाइयों का वर्गीकरण कमरे के आकार, सुविधाओं, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों के आधार पर किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि गोल्ड श्रेणी के लिए कमरों का न्यूनतम आकार 120 वर्ग फुट और बेहतर सुविधाएं अनिवार्य होंगी, जबकि सिल्वर श्रेणी में 100 वर्ग फुट के कमरे और बुनियादी सुविधाएं पर्याप्त होंगी। मसौदे में सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। सभी बीएंडबी इकाइयों के लिए अतिथि रजिस्टर रखना, पुलिस सत्यापन कराना और विदेशी मेहमानों से जुड़े नियमों का पालन अनिवार्य होगा। इसके अलावा, आग बुझाने का उपकरण, प्राथमिक उपचार किट और आपात संपर्क विवरण रखना जरूरी होगा। सीसीटीवी कैमरों को केवल प्रवेश द्वार और सामान्य क्षेत्रों तक सीमित रखने का प्रस्ताव है। मसौदा नीति के मुताबिक, कमरों और साझा स्थानों की नियमित सफाई, कचरे का पृथक्करण और पर्याप्त खुली हवा सुनिश्चित करनी होगी। परिसर में मालिक या केयरटेकर की उपलब्धता भी अनिवार्य रहेगी। एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि केवल आवासीय संपत्तियां ही बीएंडबी योजना के दायरे में आएंगी और इन इकाइयों में रेस्टोरेंट, बार या अन्य व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी।

# 25,530 करोड़ रुपये की सार्थक-पीडीएस योजना को कैबिनेट की मंजूरी

### 80 करोड़ लोगों को होगा फायदा

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'सार्थक-पीडीएस' योजना के विस्तार को मंजूरी दे दी। इस योजना के लिए 25,530 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 'स्कीम फॉर असिस्टेंस इन राशन ट्रांसपोर्ट एंड हैंडलिंग-इनकम विद ऑटोमेशन इन पीडीएस' (सार्थक-पीडीएस) को 16वें वित्त आयोग चक्र की अवधि के दौरान 'एक अंब्रेला' योजना के रूप में लागू करने का निर्णय लिया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि पीडीएस में स्वचालन के साथ राशन परिवहन एवं प्रबंधन में सहायता देने वाली योजना अप्रैल, 2026 से मार्च,



2031 तक पांच साल के लिए लागू रहेगी। इसके लिए केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 25,530 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।

**क्या होगा फायदा?**

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत राज्यों की एजेंसियों को प्रदेश के भीतर खाद्यान्न के परिवहन, भंडारण और वितरण से जुड़े खर्चों में सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही पीडीएस के आधुनिकीकरण और स्वचालन को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार का मानना है कि इस पहल से पीडीएस की दक्षता और पारदर्शिता में सुधार होगा तथा लाभार्थियों तक खाद्यान्न की आपूर्ति को अधिक सुगम और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

वैष्णव ने बताया कि यह फैसला देश के 80 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा फूड सिक्योरिटी प्रोग्राम चल रहा है। इसके तहत हर नागरिक को राशन की व्यवस्था की जाती है। इसे लागू करने वाली व्यवस्था सार्थक-पीडीएस में बड़ा सुधार किया गया है। इसके तहत राज्य सरकारों की एजेंसियों की लागत को सपोर्ट किया जाएगा। साथ ही राशन की दुकान पर डीलर का कमीशन बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी के जरिए पीडीएस का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

## ऊर्जा, बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार दूसरे दिन भी गिरा, सेंसेक्स 142 अंक टूटा

**मुंबई :** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 141.90 अंक यानी 0.19 प्रतिशत टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 6.55 अंक की मामूली गिरावट के साथ 23,907.15 अंक पर रहा।विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से निवेशकों की धारणा कमजोर रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 76,224.68 अंक के ऊपरी स्तर तक गया, जबकि दिन में 75,748.21 अंक तक फिसला।सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। वहीं पावर ग्रिड, एनटीपीसी और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी देखी गई।

## एलआईसी ने 'जीवन साथी' पॉलिसी को नये स्वरूप में किया पेश

**नयी दिल्ली :** भारतीय जीवन बीमा निगम ने बुधवार को नये स्वरूप में 'जीवन साथी' योजना की शुरुआत की। इसके तहत बचत और सुरक्षा दोनों एक साथ प्रदान की जाती है। एलआईसी के सीईओ एवं एमडी आर. दुरईस्वामी ने 'न्यू जीवन साथी सिंगल प्रीमियम' और 'न्यू जीवन साथी लिमिटेड प्रीमियम' का उद्घाटन किया। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि ये दोनों संयुक्त जीवन बीमा योजनाएं हैं जो एक विवाहित व्यक्ति को उसके जीवनसाथी के साथ एक ही बीमा के दायरे में लाती है। न्यूनतम बीमा राशि 3,00,000 रुपये है। हालांकि कोई सीमा नहीं है, लेकिन अधिकतम बीमा राशि बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार स्वीकृति निर्णय के अधीन होगी। एलआईसी ने कहा कि बीमा के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु बीमा धारक द्वारा चुने गए विकल्प के आधार पर अलग-अलग होती है, जो कि दोनों योजनाओं के तहत उपलब्ध हैं।

## पश्चिम बंगाल में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता, घबराने की जरूरत नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने पश्चिम बंगाल में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर आम लोगों को आश्वस्त किया है। कंपनियों ने कहा है कि राज्यभर के सभी पेट्रोल पंपों और गैस वितरकों पर ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और निर्बाध बनी हुई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के पूर्व क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक एवं पश्चिम बंगाल राज्य प्रमुख तथा राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग) जितेंद्र कुमार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि टर्मिनल, बॉटलिंग प्लांट, डिपो, खुदरा बिक्री केंद्र और एलपीजी वितरण केंद्र सहित पूरी ईंधन आपूर्ति श्रृंखला सुचारु रूप से कार्य कर रही है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक (कॉरपोरेट संचार) देबब्रत बंद्योपाध्याय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद ईंधन की उपलब्धता को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। कंपनियों ने उपभोक्ताओं से घबराहट में खरीदारी से बचने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।



## भारतीय महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में आस्ट्रेलिया को हराया

**पर्थ :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आस्ट्रेलिया को चार मैचों की दोस्ताना श्रृंखला के दूसरे मैच में शूटआउट में 4 . 2 से हराकर 1 . 1 से बराबरी की। शानदार शुरूआत के बाद आस्ट्रेलिया ने दसवें मिनट में ओलिविया डोनेस के गोल के दम पर बढत बना ली। भारत ने कई मौके बनाये और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करके आस्ट्रेलिया को दबाव में रखा। भारत के लिये सुशीला चानू ने 46वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। शूटआउट में भारत के लिये नवनीत कौर, इशिका चौधरी, अन्नु और रूतुजा पिसल ने गोल दागे। तीसरा मैच शुक्रवार को खेला जायेगा।

## धर्मशाला में शानदार प्रदर्शन के बाद पाटीदार को टी20 टीम में शामिल करने की मांग

**मुल्लांपुर :** कुछ साल पहले धर्मशाला में ही खराब फॉर्म और चोट के कारण रजत पाटीदार भारतीय टीम से बाहर हो गए थे। इंग्लैंड के स्पिनरों ने मार्च 2024 में छह में से तीन मैचों में उन्हें आउट किया और एचपीसीए स्टेडियम पर ही आखिरी टेस्ट में उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को मिली। भले ही प्रारूप अलग हो लेकिन धौलाधर पहाड़ियों से घिरे इसी खूबसूरत स्टेडियम पर आईपीएल में धमाकेदार पारी खेलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचाने वाले पाटीदार ने भारत की टी20 टीम में वापसी की चर्चा छेड़ दी है। बतौर बल्लेबाज आईपीएल के इस सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पाटीदार को भारत की टी20 टीम में शामिल करने की मांग होने लगी है। उन्होंने आईपीएल के पहले क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 33 गेंद में नौ छक्कों की मदद से 93 रन बनाये थे।

# सूर्यवंशी, जुरेल और आर्चर के तूफान में उड़ा सनराइजर्स, रॉयल्स 47 रन से जीते



### वैंभव आईपीएल के सबसे तेज शतक से चूके

**मुल्लांपुर :** वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों तथा जोफ्रा आर्चर की घातक गेंदबाज़ी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रन से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 8 विकेट पर 243 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सूर्यवंशी ने मात्र 29 गेंदों में 97 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 12 छक्के और 5 चौके शामिल रहे। उनके साथ यशस्वी जायसवाल ने 29 रन का योगदान देते हुए पहले विकेट के लिए सिर्फ 8 ओवर में 125 रन की साझेदारी की। ध्रुव जुरेल ने भी 21 गेंदों में 50 रन बनाकर पारी को तेज गति दी। हालांकि अंतिम ओवरों में रनों की गति थोड़ी धीमी रही, लेकिन टीम का स्कोर बड़ा लक्ष्य तय करने के लिए पर्याप्त रहा। सनराइजर्स की ओर से प्रफुल्ल हिंगे ने 3 विकेट लिए, जबकि कप्तान पैट कमिंस और साकिब हुसैन महंगे साबित हुए।244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स की शुरुआत बेहद खराब रही। पारी की दूसरी ही गेंद पर अभिषेक शर्मा बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और टीम दबाव में आ गई।इशान किशन ने तेज शुरुआत करते हुए कुछ आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन वह भी आर्चर की गेंद पर आउट हो गए। ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन भी ज्यादा देर नहीं टिक सके। जोफ्रा आर्चर ने 3 महत्वपूर्ण विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाज़ी की कमर तोड़ दी। रविंद्र जडेजा और अन्य गेंदबाज़ों ने भी बीच के ओवरों में लगातार दबाव बनाए रखा।सनराइजर्स की टीम 19.2 ओवर में 196 रन पर सिमट गई। नितीश कुमार रेड्डी ने सर्वाधिक 38 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज़ छोटी-छोटी पारियों तक ही सीमित रहे।इस जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने क्वालीफायर-2 में प्रवेश कर लिया है, जहां वह गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। विजेता टीम फाइनल में प्रवेश करेगी।

## प्रणय ने सिंगापुर ओपन में क्रिस्टी को हराकर उलटफेर किया, लक्ष्य भी जीते

**सिंगापुर :** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां शानदार जीत के साथ 10 लाख डॉलर इनामी सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता 33 वर्षीय प्रणय ने एक घंटे से कुछ अधिक समय में दुनिया के पांचवें नंबर के इंडोनेशियाई खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को 10-21, 21-12, 21-18 से हराया। क्रिस्टी के खिलाफ पिछले पांच वर्षों में यह प्रणय की पहली जीत है। इससे पहले उन्होंने 2021 इंडोनेशिया ओपन में क्रिस्टी को हराया था। प्रणय अब अगले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से भिड़ेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इसके बाद दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी ल्यू गुवांग झू को 42 मिनट में 21-17 21-15 से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड के दूसरे वरीय कुनलावुत वितिदसार्न से भिड़ेंगे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी भी वोंग टिएन सी और लिम च्यू सिएन की मलेशिया की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में पहुंच गई। किदांबी श्रीकांत और मालविका बंसोड़ पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत को स्थानीय खिलाड़ी लोह कीन यू के खिलाफ 20-22, 21-19, 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। लोह कीन यू ने इस जीत के साथ पिछले हफ्ते भारतीय खिलाड़ी के हाथों मिली हार का बदला ले लिया। चोट के बाद वापसी कर रही मालविका भी चीनी ताइपे की लिन शियांग टी को कड़ी चुनाती देने के बावजूद 21-11, 19-21, 12-21 से हार गईं।

## निहाल सरीन ने ईस्पोर्ट्स विश्व कप की शतरंज स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया

**मुंबई :** भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने चैंपियंस शतरंज टूर (सीसीटी) लीडरबोर्ड के जरिए पेरिस में होने वाले आगामी ईस्पोर्ट्स विश्व कप (ईडब्ल्यूसी) की शतरंज स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ईस्पोर्ट्स और गेमिंग कंटेट कंपनी एस8यूएल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरीन अब तक इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं और अपने साथी अरविंद चिदंबरम के साथ शामिल हो गए। इस साल 11 से 15 अगस्त तक चलने वाली ईडब्ल्यूसी शतरंज प्रतियोगिता में 14.3 करोड़ रुपये (15 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि होगी।

## ईशा सिंह ने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता

म्यूनिख : विश्व चैंपियनशिप की तीन बार की पदक विजेता ईशा सिंह ने बुधवार को यहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 43 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ दबदबा बनाते हुए आईएसएसएफ विश्व कप के दूसरे दिन स्वर्ण पदक जीतकर भारत का पदक का खाता खोला। इक्कीस साल की ईशा ने पांच शॉट की 10 सीरीज में स्थानीय दावेदार और पूर्व विश्व चैंपियन डोरीन वेनेकैम्प को पांच शॉट से पछाड़ा। बुल्गारिया की मिरोस्लावा मिनचेवा ने कांस्य पदक जीता। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यांग जिन पांचवें स्थान पर बाहर हो गईं। यहां ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में दो दिनों के मुकाबले के बाद यह म्यूनिख विश्व कप में भारत का पहला पदक है। यह ईशा का चौथा व्यक्तिगत विश्व कप पदक है।

## भारत फ्रीस्टाइल टीम चैंपियन बना, 27 पदक के साथ अभियान खत्म किया

**डा नैंग (वियतनाम) :** भारतीय पुरुषों की फ्रीस्टाइल टीम अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में निर्विवाद चैंपियन बनकर उभरी जबकि देश ने अलग-अलग वर्ग में कुल 27 पदक जीतकर बुधवार को अपना अभियान खत्म किया। फ्रीस्टाइल टीम ने किर्गिस्तान और कजाखस्तान जैसे ताकतवर देशों को पीछे छोड़ते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। ये दोनों देश क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। भारत ने फ्रीस्टाइल, महिला कुश्ती और ग्रीको रोमन वर्ग में 11 स्वर्ण, सात रजत और नौ कांस्य पदक जीते। चैंपियनशिप जीतने वाली फ्रीस्टाइल टीम ने नौ पदक के साथ अपना अभियान खत्म किया जिसमें चार स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक शामिल रहे। अक्षय टी धेरे (57 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने स्वर्ण मेडल जीतकर शानदार शुरुआत की। इस लय को बरकरार रखते हुए कुमार मोहित (65 किग्रा) और चंदरमोहन (79 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। दीपक राठी (61 किग्रा), पुनीत कुमार (92 किग्रा) और लकी (125 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि दीपक बेरवाल (74 किग्रा) और सचिन मोर (82 किग्रा) ने फ्रीस्टाइल वर्ग में कांस्य पदक जीते। भारत की महिला पहलवानों ने भी पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और शानदार प्रदर्शन करते हुए दस पदक जीतने जिसमें छह स्वर्ण पदक शामिल रहे। ग्रीको रोमन में भारतीय पहलवानों ने टूर्नामेंट की शुरुआत में ही आठ पदक जीतकर एक मजबूत नींव रखी।

# एक युग का अंत : अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह का निधन

**नयी दिल्ली :** अनुभवी खेल प्रशासक और एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार को यहां उम्र संबंधित बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया जिससे भारतीय खेल जगत के एक ऐसे युग का अंत हो गया जिस पर उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद 79 वर्ष के सिंह ने यहां अपने आवास पर अंतिम सांस ली। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी विनीता और तीन बेटियां महिमा, सुनयना और राजेश्वरी हैं। राजेश्वरी भी एक निशानेबाज हैं। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के कारण सिंह ने हाल में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 2024 में चार साल के



कार्यकाल के लिए चुना गया था जबकि वह 1991 से 2015 तक इस संस्था में महासचिव रह चुके थे। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को दोपहर में हरिद्वार में किया जायेगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया ने कहा, ''गहरे दुख के साथ हम राजा रणधीर सिंह के निधन की दुखद खबर साझा कर रहे हैं जो आज 27 मई 2026 को स्वर्ग सिधार गए।''

## भारत की निगाहें टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में लय हासिल करने पर

**चेम्सफोर्ड (ब्रिटेन) :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने होने वाले महिला टी20 विश्व कप विश्व कप के लिए अपनी अंतिम तैयारी के तौर पर बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही तीन मैच की श्रृंखला में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ अपनी निरंतरता दोबारा हासिल करने और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन तय करने की कोशिश करेगी। टी20 विश्व कप 12 जून से शुरू हो रहा है और इस वैश्विक टूर्नामेंट को देखते हुए हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए यह दौरा और भी ज्यादा अहम हो जाता है। भारतीय टीम ने पिछले एक साल में कई बार शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन लगातार लय बनाए रखने में उसे संघर्ष करना पड़ा है। टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियां मिली-जुली रही हैं।

वर्ष 11, पूर्णांक 3605 अंक 071 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in